## राखी पर नहीं पड़ेगा भद्रा का साया

रक्षाबंधन पर बहन अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती है और उसकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का वचन लेती है। इसके लिए हर साल शुभ मुहूर्त में ही राखी बांधने का रिवाज है। राहु और भद्रा काल में राखी नहीं बांधनी चाहिए। इस साल 22 अगस्त को राखी पर भद्रा का साया नहीं है। जबकि, भद्रा काल 23 अगस्त की सुबह 5.34 से 6.12 बजे तक रहेगा। ऐसे में रक्षाबंधन पर बहनें दिनभर किसी भी समय भाई को राखी बांध सकती हैं।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



● वर्ष- 15 अंक 198- ● जबलपुर ● गुरुवार, 19 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


# बच्चों के लिए सितंबर तक वैक्सीन

## आईसीएमआर निदेशक ने जताई संभावना



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के खतरे के बीच बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। ऐसे में अब यह संभावना जताई जा रही है कि भारत में बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन सितंबर महीने में आ सकती है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (पुणे) की निदेशक प्रिया अब्राहम ने बुधवार को कहा कि भारत में सितंबर तक बच्चों के लिए एक स्वदेशी कोविड -19 वैक्सीन आने की संभावना है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (पुणे) की निदेशक प्रिया अब्राहम ने बताया है कि 2-18 आयु वर्ग के बच्चों के लिए लिए कोवैक्सीन के चरण II और III के परीक्षण चल रह हैं। निदेशक प्रिया अब्राहम ने कहा कि ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि कोवैक्सीन के ट्रायल परिणाम जल्द ही उपलब्ध हो जाएंगे। प्रिया अब्राहम ने यह बात एक ओटीटी चैनल को दिए इंटरव्यू में कही।

# डेल्टा वायरस दोनों खुराक के बावजूद कर रहा संक्रमित



**चेन्नई।** भारत में कोरोना की दूसरी लहर के बीच तीसरी लहर के आसार को लेकर लोग भयभीत हैं। कोरोना संक्रमण के नए वैरिएंट डेल्टा ने विशेषज्ञों और सरकार की चिंता बढ़ा दी है। कोरोना का डेल्टा वैरिएंट इतना खतरनाक है कि वैक्सीन लेने वालों को भी अपनी चपेट में ले रहा है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की ओर से चेन्नई में की गई स्टडी में पाया गया है कि कोरोना वायरस का डेल्टा वैरिएंट वैक्सीन लेने वाले लोगों को भी संक्रमित करता है। चेन्नई में 17 अगस्त को आईसीएमआर की एक स्टडी में यह दावा किया गया है। स्टडी में बताया गया है कि डेल्टा वैरिएंट देश के लिए खतरा पैदा कर रहा है। वैरिएंट इतना खतरनाक है कि टीका लेने वाले लोगों को भी नहीं छोड़ रहा है।इसके अलावा जो लोग पहले संक्रमित नहीं हुए है यह वेरिएंट उन्हें भी संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इस अध्ययन को ICMR-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी और चेन्नई द्वारा अनुमोदित किया गया था। अध्ययन में इसका खुलासा हुआ कि डेल्टा वैरिएंट या बी.1.617.2 की व्यापकता टीकाकरण और बिना टीकाकरण वाले समूहों के बीच कोई अंतर नहीं समझ पा रहा है। दोनों तरह के लोगों पर इस वैरिएंट का काफी असर दिख रहा है। कोरोना वायरस के डेल्ट वैरिएंट को लेकर पूरी दुनिया परेशान है। देश के कई हिस्सों में डेल्टा वैरिएंट मिलने से हड़कंप मचा हुआ है।

## क्विक अपडेट



### छग में पूर्व मंत्री के पीएसओ ने खुद को मारी गोली

**रायपुर।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल का पिछले आठ साल से सुरक्षा का जिम्मा निभाने वाले पर्सनल सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। पीएसओ की आत्महत्या की खबर से मुहल्ले में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस को घटना स्थल पर सुसाइड नोट मिला है। इसमें 36 वर्षीय पीएसओ ने अपने साले की पत्नी और उसके पिता को आत्महत्या का जिम्मेदार बताया है। सिविल लाइन पुलिस मामले की जांच कर रही है।।

### सीएम शिवराज सिंह आज करेंगे बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा

**ग्वालियर।** सीएम शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर आज ग्वालियर-चंबल अंचल के बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इस दौरान से श्योपुर और शिवपुरी पहुंचेंगे।

### रक्षाबंधन पर IRCTC का तोहफा, लड़कियों को मिलेगा स्पेशल कैशबैक ऑफर

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर भारतीय रेलवे ने ग्राहकों के लिए खास ऑफर पेश किया है। रेलवे की सहयोगी कंपनी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉरपोरेशन में महिला यात्रियों को विशेष कैश बैक ऑफर दिया जा रहा है। इसके जरिए महिला यात्रियों को किराये में छूट मिलेगी। हालांकि उन्हें पहले तो पूरा किराया देना पड़ेगा, लेकिन बाद में कैशबैक दिया जाएगा। यह कैशबैक ऑफर लखनऊ-दिल्ली और अहमदाबाद-मुंबई के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस ट्रेन में दिया जा रहा है। इसके अलावा आईआरसीटीसी आने वाले त्योहारों में प्रीमियम ट्रेनों के यात्रियों के लिए और आकर्षक ऑफर लांच करने की योजना बना रही है।15 अगस्त से लेकर 24 अगस्त 2021 के बीच इस ऑफर का फायदा लिया जा सकता है।

## बंगाल में हिंसा की जांच करेगी सीबीआई



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बड़ा झटका देते हुए चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच सीबीआई को सौंप दी है। हाईकोर्ट ने आदेश देते हुए कहा कि सीबीआई अदालत की निगरानी में ही जांच करेगी। हाईकोर्ट ने आगे कहा कि हत्या और दुष्कर्म के मामलों की जांच सीबीआई करेगी, वहीं अन्य मामलों की जांच एसआईटी करेगी। हाईकोर्ट ने कहा कि एसआईटी जांच के लिए बंगाल कैडर के वरिष्ठ अधिकारी टीम के हिस्सा होंगे। बता दें कि तीन अगस्त को कलकत्ता हाईकोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने हिंसा से संबंधित जनहित याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों से उसी दिन तक कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने को भी कहा था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी पूछा था कि क्या 13 जुलाई को प्रस्तुत अंतिम एनएचआरसी रिपोर्ट में अतिव्यापी होने वाले किसी भी मामले में कोई स्वत~ संज्ञान लिया गया था।

## आतंक शुरु- एयरपोर्ट पर फायरिंग, भूकंप भी आया

# देश छोड़ रहे लोगों पर कोड़े बरसा रहे तालिबानी



**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान का आतंक लगातार जारी है। काबुल एयरपोर्ट पहुंचे लोगों को रोकने के लिए आतंकी कोड़े बरसा रहे हैं और उन पर धारदार हथियार से हमला कर रहे हैं। इसके अलावा भीड़ को काबू करने के लिए काबुल एयरपोर्ट पर गुरुवार रात फिर से फायरिंग की गई। दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई दूतावास के बाहर अफगान नागरिक इकट्ठा हो गए हैं। इन्हीं में से एक एक अफगान नागरिक सैयद अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने सुना है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने शरणार्थियों को स्वीकार करने और उन्हें आव्रजन वीजा देने की घोषणा की है। लेकिन यहां दूतावास हमें कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा है। उधर अफगानिस्तान पर तालिबान द्वारा संपूर्ण कब्जे के बाद से दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग अपना सामान लिए बिना जैसे-तैसे देश छोड़कर जा रहे हैं। वहीं इस बीच काबुल एयरपोर्ट पहुंचे लोगों को रोकने के लिए तालिबानी आतंकी कोड़े बरसा रहे हैं और उन पर धारदार हथियार से हमला कर रहे हैं।

### निर्यातआयात पर लगाया रोक

तालिबान ने भारत और अफगानिस्तान के बीच सभी निर्यात और आयात को रोक दिया है। फेडरेशन ऑफ इंडिया एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के महानिदेशक डॉ अजय सहाय ने एक रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए कहा कि तालिबान ने पाकिस्तान के पारगमन मार्गों के माध्यम से कार्गो की आवाजाही को रोक दिया है, जिससे देश से आयात और निर्यात बंद हो गया है। अफगानिस्तान पर तालिबान द्वारा संपूर्ण कब्जे के बाद से दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग अपना सामान लिए बिना जैसे-तैसे देश छोड़कर जा रहे हैं। इधर इस सब के बीच एक और चिंताजनक खबर यह है कि अफगान में रिक्टर स्केल पर करीब5 की तीव्रता का भूकंप भी आया है।



## 13 बच्चों समेत 37 लोगों की हत्या

**नई दिल्ली।** नाइजर के टिलबेरी क्षेत्र में हुए एक हमले में हथियारबंद दहशतगर्दों ने 37 लोगों की हत्या कर दी। इसमें 13 बच्चे और 4 महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं, कई लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूनिसेफ ने इस हमले की जानकारी साझा की है। यूनिसेफ ने बताया कि अज्ञात सशस्त्र समूहों द्वारा बच्चों और परिवारों को निशाना बनाया गया है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने हमलों में मारे गए प्रभावित पीड़ितों, परिवारों और समुदायों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।16 अगस्त को हुए हमलों के बाद यूनिसेफ ने बताया कि पश्चिमी नाइजर में टिलबेरी क्षेत्र के डेरे-डे गांव में जनवरी से लेकर अगस्त तक यह तीसरा हमला है।यहां की जमीनी हालत बच्चों के लिए बेहद खतरनाक हैं।

## जातिगत जनगणना के मुद्दे पर

# पीएम से 23 को मिलेंगे नीतीश



**पटना।** जातिगत जनगणना के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलने का समय दे दिया है, 23 अगस्त को दिल्ली में बिहार के प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रधानमंत्री से मुलाकात होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री की ओर से समय मिलने पर मुख्यमंत्री ने आभार जताया। नीतीश कुमार ने ट्वीट कर पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। बता दें कि नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना कराने के लिए 4 अगस्त को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा था। मुख्यमंत्री के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी थी। गौरतलब है कि बिहार में विपक्ष के नेताओं ने तेजस्वी प्रसाद यादव की अगुआई में 30 जुलाई को विधानसभा में मुख्यमंत्री के कक्ष में मुलाकात कर जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार को पत्र लिखने का आग्रह किया था। विपक्षी नेताओं की मांग थी कि बिहार का प्रतिनिधिमंडल सीएम के नेतृत्व में पीएम से मिलकर जातिगत जनगणना कराने पर अपनी बात रखें। इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह भी कहा था कि केंद्र सरकार अगर देश में जातिगत जनगणना नहीं कराती है तो बिहार सरकार अपने खर्च पर यह जनगणना कराने पर विचार कर सकती है।

### आतंकियों को सुरक्षा बलों ने घेरा, मुठभेड़ में जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू संभाग के राजोरी में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद हो गया है। बता दें कि थानामंडी क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम इलाके में तलाशी अभियान चला रही थी। खुद को घिरा देख आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के मुठभेड़ शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि इस सुरक्षाबलों के घेरे में दो आतंकी घिरे हो सकते हैं।

## एक डटा एक भाग गया: एक्शन में अमरुल्लाह कहा.. पाकिस्तान हमें निगल नहीं सकता।



**काबुल।** ताबिलान ने भले ही अफगानिस्तान के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया हो, लेकिन पंजशीर क्षेत्र से अभी भी वह दूर है। इसी क्षेत्र में रहते हुए उपराष्ट्रपति अमरुल्ला सालेह ने खुद को कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया है। अमरुल्ला सालेह लगातार एक्शन में हैं और तालिबान के खिलाफ सैन्य ताकत जुटा रहे हैं। अब अमरुल्ला सालेह ने अपने ताजा बयान में समर्थन करने वालों को शुक्रिया अदा किया है साथ ही पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है। अमरुल्ला सालेह ने अपने ताजा ट्वीट में लिखा, 'राष्ट्रों को कानून शासन का सम्मान करना चाहिए, हिंसा का नहीं। अफगानिस्तान पाकिस्तान के निगलने के लिए बहुत बड़ा है और तालिबों के शासन करने के लिए भी बड़ा है। अपने इतिहास में शर्मिंदगी और आतंकी समूहों के सामने झुकने का अध्याय ना जुड़ने दें। तालिबान के काबुल पर हमले के बाद चुपचाप परिवार के साथ भाग निकले अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति-श्व में हैं। देश छोड़ने के बाद पहली बार मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश छोड़ने का फैसला उनका नहीं था। उनके सुरक्षा सलाहकारों ने उन्हें ऐसा करने को कहा था। उनके मुताबिक अगर वो रुकते तो वहां कत्लो-आम मच जाता। इसी से बचने के लिए उन्होंने देश छोड़ा।



## मध्य प्रदेश की बेटी ने 52 साल की उम्र में किलिमंजारो की चोटी पर लहराया तिरंगा



**भोपाल।** हमारे प्रदेश की एक बेटी ने हाल ही में अफ्रीका महाद्वीप के सबसे ऊंचे पर्वत को फतह करने में कामयाबी हासिल की है। हरदा शहर के कुकरावद की ज्योति रात्रे ने माउंट किलिमंजारो (ऊंचाई 5895 मीटर/19,340 फीट) की चोटी पर 15 अगस्त के अवसर पर भारतीय राष्ट्रध्वज लहराया एवं राष्ट्रगान भी गाया। वे प्रदेश से अकेले एवं कुल तीन सदस्यीय दल के साथ पूना की एक एडवेंचर कंपनी के माध्यम से अफ्रीका के लिए आठ अगस्त को दिल्ली से रवाना हुई थीं। माउंट किलिमंजारो के शिखर पर तिरंगा फहराने के लिए उन्होंने 14 अगस्त को देर रात चढ़ाई शुरू की थी एवं 15 अगस्त को सुबह शिखर पर पहुंचकर भारतीय राष्ट्रध्वज फहराया।

## छुट्टी से लौटे बादल, कई जिलों में बारिश



**भोपाल।** भारत के उत्तर में स्थित हिमालय में 1 सप्ताह की छुट्टी मनाने गए बादल वापस लौट आए और बिना देर किए बरसने लगे हैं। भोपाल, शहडोल, इंदौर एवं होशंगाबाद संभाग के ज्यादातर इलाकों में बारिश हो चुकी है और सागर, रीवा, ग्वालियर-चंबल एवं उज्जैन संभाग के कुछ इलाकों में बादल वार्म अप करते हुए दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के 3 जिलों में मूसलाधार बारिश और 24 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के भोपाल केंद्र में बैतूल, खंडवा एवं बुरहानपुर जिलों में आने वाले 24 घंटे के अंदर मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। यानी इन जिलों में सभी यात्राएं स्थगित कर दी जाए एवं नागरिक स्वयं को सुरक्षित करें। नदी नालों के पास ना जाएं और रात के समय किसी भी पुल को पार करने की योजना ना बनाएं। यदि क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही है तब भी नदी नालों में बाढ़ आ सकती है। सावधान रहें। रीवा, सतना, अनूपपुर, उमरिया, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, सागर, राजगढ़, सीहोर, बड़वानी, झाबुआ, इंदौर, उज्जैन, होशंगाबाद, हरदा, धार, देवास में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

## संतान के लिए देवर से संबंध बनाने का दबाव



**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है जहां शादी के छह साल बाद संतान नहीं होने पर महिला को देवर के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा गया। इससे इनकार करने पर देवर ने जबरन उसके प्राइवेट पार्ट में चाकू डाल दिया। इसके बाद महिला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। महिला ने कहा कि उसकी छह साल पहले शादी हुई थी लेकिन कोई संतान नहीं होने की वजह से ससुराल के लोग प्रताड़ित करने लगे थे और देवर के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालते थे। उसने बताया कि जब उसने ऐसा करने से इनकार किया तो देवर ने रात के समय जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया और इनकार करने पर उसने मेरे प्राइवेट पार्ट में चाकू डाल दिया।






## World Photography Day — 182 साल पहले ली गई थी दुनिया की पहली सेल्फी

**वेब डेस्क।** फोटोग्राफी वह जादूगरी है, जो अनमोल पलों को संजोती है, ताकि हम उन अनमोल पलों को हमेशा याद कर सकें और उन्हें देख कर आनंदित हो सकें। आज विश्व फोटोग्राफी दिवस है। हर साल 19 अगस्त को पूरी दुनिया में वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया जाता है। दरअसल, यह दिन उन लोगों को समर्पित होता है, जिन्होंने कुछ खास पलों को तस्वीरों में कैद कर उन्हें हमेशा-हमेशा के लिए यादगार बना दिया। दुनियाभर के फोटोग्राफरों को प्रोत्साहित करने के लिए भी यह दिवस मनाया जाता है। आज से 25-30 साल पहले की बात करें तो बहुत से लोगों के पास कैमरा तक नहीं था, जिससे वो अपनी तस्वीरें खींच कर उन्हें यादगार के तौर पर रख सकें, लेकिन आज लगभग सभी के पास मोबाइल रूपी कैमरा उपलब्ध है, जिससे लोग आराम से कहीं भी कभी भी तस्वीरें खींच सकते हैं और उन्हें यादगार के तौर पर सहेज कर रख सकते हैं।





### फोटोग्राफी डे का इतिहास

विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाने की शुरुआत नौ जनवरी, 1839 को फ्रांस में हुई थी। इसके पीछे की कहानी कुछ यूं है कि उस समय एक फोटोग्राफी प्रक्रिया की घोषणा की गई थी, जिसे डॉगोरोटाइप प्रक्रिया कहा जाता है और इसी प्रक्रिया को दुनिया की पहली फोटोग्राफी प्रक्रिया माना जाता है। फ्रांस के जोसेफ नाइसफोर और लुइस डॉगेर ने इसका आविष्कार किया था। इसके बाद 19 अगस्त, 1839 को फ्रांस की सरकार ने इस आविष्कार की घोषणा की और उसका पेटेंट हासिल किया। यही वो दिन है, जिसे हमेशा याद रखने के लिए हर साल 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे यानी विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस सिर्फ उन्हीं लोगों को याद करने के लिए नहीं मनाया जाता है, जिन्होंने फोटोग्राफी के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि यह फोटोग्राफी के क्षेत्र में लोगों को आने के लिए प्रोत्साहित भी करता है और अपना कौशल दिखाने के लिए प्रेरित करता है।



# नेता-अफसर में तू-तू, मैं-मैं

## जिला पंचायत की बैठक में नेता बोले अधिकारी पत्रों का जवाब नहीं देते

जबलपुर,यश भारत। जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की बैठक में नेता-अफसर में तू-तू- मैं-मैं हो गई। जिला पंचायत अध्यक्ष मनोरमा पटेल ने भरी बैठक में अधिकारियों पर दोषारोपण करने लगी कि वे कोई तवज्जों नहीं देते। पत्रों का महीनों जवाब नहीं देते। जनप्रतिनिधियों का मजाक बना रखा है। इस पर अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ मनोज सिंह भी उखड़ गए। बोले कि कोई मजाक नहीं बना रखा है। समय पर और जरूरी पत्रों का जवाब दिया जाता है।

प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायत विकास अधोसंरचना के तहत जबलपुर जिले की 516 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2 करोड़ 86 लाख रुपए जारी किए हैं। इस राशि से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की रुपरेखा तय करने के लिए 18 अगस्त बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ये बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों पर तो चर्चा कम हुई, लेकिन आपस में दोषारोपण में अधिक समय जाया हो गया। सत्ता पक्ष से जुड़ी जिला पंचायत अध्यक्ष रही मनोरमा पटेल ने अधिकारियों पर तवज्जों न देने का दोषारोपण किया तो वहां मौजूद अन्य सदस्य भी शुरू हो गए। बैठक में शामिल बरगी से कांग्रेस विधायक संजय यादव भी उखड़ पड़े। 15 वें वित्त आयोग के तहत मिलने वाली राशि पर चर्चा की बजाए वे भी अधिकारियों पर आरोप लगाने लगे। बोले कि कहा जिला पंचायत के अधिकारी सुनते नहीं। अधिकारी लापरवाह हो गए हैं। पत्रों का जवाब नहीं देते है। कहां क्या कार्य हो रहे हैं, इसकी जानकारी तक नहीं दी जाती है। अध्यक्ष मनोरमा पटेल व विधायक के आरोपों का जवाब दे रहे अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ मनोज सिंह बीच में जिला पंचायत सदस्य विजयकांति पटेल द्वारा पौधरोपण को लेकर किए गए सवाल पर झल्ला गए। बैठक में ही बोल गए कि अभी अध्यक्ष व विधायकों के सवालों का जवाब दे रहा हूं। इस तरह एक ही समय में सभी लोग सवाल करेंगे तो किसका जवाब दूंगा?

**अफसर बोले जब जरूरी होता है तो जवाब दिया जाता है**

### दोषारोपण और गहमागहमी के बीच पास हुआ प्रस्ताव

सदस्यों के हंगामे और अधिकारियों पर दोषारोपण के बीच ही जिले के 516 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2021-22 में मिले 2 करोड़ 86 लाख रुपए के विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव पास हो गया। ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों की तुलना में ये राशि काफी कम है। औसत एक ग्राम पंचायत के हिस्से में 56 हजार रुपए ही आएंगे। इसे लेकर भी कई सदस्यों ने नाराजगी जताई। इस बैठक में पूर्व विधायक नन्हेलाल धुर्वे सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

# यूजीसी नहीं करेगा डिग्री और सर्टिफिकेट का वेरिफिकेशन

## यह काम संबंधित विवि ही करेंगे

**जबलपुर।** विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) छात्रों की डिग्री और उनके सर्टिफिकेट का वैरिफिकेशन नहीं करेगा। यह काम संबंधित विवि ही करेंगे। इस संबंध में यूजीसी ने स्पष्ट किया है कि डिग्री आदि के वेरिफिकेशन का काम उसका नहीं है। यूजीसी को बड़ी संख्या में ऐसे आवेदन प्राप्त होते हैं जिसमें छात्र डिग्री और अन्य प्रमाण पत्रों के वेरिफिकेशन की मांग करते है। ऐसे में संबंधित विवि ही डिग्री और अन्य दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करेंगे जिसने उन्हें यह छात्रों को अवार्ड किया है। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भी निर्देशित किया है कि अगर छात्र डिग्री, डिप्लोमा व अन्य तरह के प्रमाण पत्रों के वेरिफिकेशन की मांग करते हैं तो तय समय सीमा में इसे पूरा किया जाए। इसमें देर नहीं होना चाहिए और छात्रों को भी किसी तरह की पेरशानी नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि कई बार विवि द्वारा निर्धारित समय सीमा में दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो पाता और छात्रों को विवि के चक्कर काटना पड़ते हैं।

### नौकरी और अन्य पाठ्यक्रमों में पड़ती है जरूरत

आमतौर पर डिग्री व अन्य दस्तावेजों के सत्यापन की जरूरत छात्रों को नौकरी व अन्य प्रदेशों के शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के दौरान पड़ती है। वेरिफिकेशन से यह स्पष्ट हो जाता है कि छात्र द्वारा उपलब्ध करवाए गए दस्तावेज सही हैं और उसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ या फर्जीवाड़ा नहीं किया गया है।

**सांसद श्री तन्खा की रोटरी के माध्यम से पहल**

# कश्मीर में वृहद राहत शिविरों की शुरुआत





**जबलपुर यशभारत ।**राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा जम्मू कश्मीर और लद्दाख में रोटरी क्लब के माध्यम से अनेक राहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा ताकि वहां नागरिक जागरूकता के साथ राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ कर इनका लाभ उठायें। आयोजित किये जा रहे शिविरों के दौरान राज्यसभा सांसद श्री तन्खा ने घोषणा की है कि क्षेत्र के मेधावी छात्रों के लिए रोटरी क्लब के माध्यम से स्कूल भी खोले जाएंगे ताकि भविष्य की इस पीढ़ी पढ़ कर देश की सेवा में अपना योगदान दे सकें ।इसके साथ ही अन्य घोषणा उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे वृहद राहत सेवा मिशन के तहत अब तक250 आक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराये गये हैं ।ताकि कोरोना प्रभावितों को पर्याप्त उपचार घाटी के प्रत्येक क्षेत्र में मिल सके ।इस मौके पर प्रशासन की ओर से आयोजित एक शिविर में क्षेत्र के स्वास्थ्य निदेशक डाक्टर मुस्तफा ने बताया कि रोटरी क्लब के सहयोग से चलाये जा रहे स्वास्थ्य राहत शिविरों में वहां के डाक्टरों और पेरामेडिकल स्टाफ की समर्पित सेवा के चलते यहां पर अन्य राज्यों की तुलना में मृत्यु दर कम रही ।इसके साथ ही पूरी घाटी के45जिलों में टीकाकरण किया जा चुका है ।रोटरी क्लब कोरोना योद्धाओं और डाक्टरों और पेरामेडिकल स्टाफ को उनकी लगन और समर्पण के लिए सम्मानित कर रहा है।



# श्वास एवं चर्म रोग का कारक बनता है गाजरघास

**जबलपुर ।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में ''गाजरघास जागरूकता सप्ताह'' शुरू हुआ।

इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने कहा कि गाजरघास श्वास एवं चर्म रोग का कारक बनता है। इसका समूह उन्मूलन जरूरी है। केन्द्र प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला के अनुसार देशभर में 22 अगस्त तक गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम चलेगा। वैज्ञानिकगण डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. डी.के. सिंह व डॉ. नितिन सिंघई ने बताया कि हमें गाजरघास नियंत्रण हेतु रासायनिक विधि व सस्य विधि का उपयोग करना होगा इसके अतिरिक्त मैक्सिकन बीटल (जैवकीट) का भी उपयोग करना चाहिए। गाजरघास को हमें सामुदायिक स्तर पर नियंत्रण करना होगा सभी की मिलकर खेत, खेतों की मेड़ों, नहरों से हटाना होगा इससे काफी नुकसान होता है एवं यह स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। कार्यक्रम में डॉ. नीलू विश्वकर्मा, डॉ. निहारिका शुक्ला, श्रीमति जीजी एनी, डॉ. प्रमोद शर्मा का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डी.के. सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ. यतिराज खरे ने किया।

**जनेकृविवि में गाजरघास जागरूकता सप्ताह शुरू**

## जनेकृविवि के डॉ. दास बने विभागाध्यक्ष



जबलपुर । जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय में संचालित मध्यप्रदेष के इकलौते जैविक कीट अनुसंधान - उत्पादन केन्द्र के प्रभारी वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.बी. दास को कृषि महाविद्यालय जबलपुर के कीट शास्त्र विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. दास ने विगत डेढ़ दषक में ''जैविक खेती में कीट रोगजनक कवक के उपयोग से फ्सल में कीटों के प्रबंधन हेतु सतत् अनुसंधान'' पर केन्द्रित रहते हुये विषेष अनुसंधान कार्य सम्पादित किया है। जैविक कीट अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र की स्थापना में इनकी खास भूमिका है। विष्वविद्यालय के वैज्ञानिक, प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाईयां सम्प्रेषित कीं।

# डेंगू का शहर की कई बस्तियों पर हमला



**जबलपुर,यशभारत।** मौसम के बदलते ही बीमारियों का स्वरूप भी बदल गया है। कोरोना नियत्रिंत तो हो गया है ।लेकिन विशेषज्ञों द्वारा तीसरी लहर की चेतावनी के बाद जहां सरकार ने इससे निपटने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी भी शुरू कर दी है ,वहीं बदले मौसम के कारण डेंगू ने शहर की कई बस्तियों पर एकाएक हमला कर दिया है । विशेष तौर पर शहर के पिछड़ी और गंदी बस्तियों में बड़ी मात्रा में डेंगू के मरीज निकल कर सामने आ रहे हैं ।रांझी इसका हॉट स्पॉट बनता जा रहा है। परिणाम यह है कि सरकारी अस्पताल डेंगू के मरीजों से भरे नजर आने लगे हैं वहीं निजी अस्पतालों में भी बड़ी मात्रा में डेंगू के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं ।यूं तो अभी तक एक सैकड़ा मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है ।लेकिन वास्तविकता इससे कई गुनी है ।सरकारी हो या निजी अस्पतालों डेंगू पीड़ितों के इलाज की जिम्मेवारी बढ़ गई है वहीं स्थानीय निकाय नगर निगम पर भी इससे निपटने की जिम्मेदारी आ गई है। पर सरकारी अस्पातालों में तो हालात बेहद दयनीय है। खासकर नेताजी सुभाष चंद बोस मेडीकल कालेज के हालात बेहद खराब हैं। यहां चहुंओर अव्यवस्था का आलम है। ओपीडर समय पर नहीं खुलती। दवाओं के लिए लोगों को काउंटर खुलने का इंतजार करना पड़ता है। यहां के वार्ड बॉय को तो आप ढूढ़ते रहे जाओगे। यदि कोई मिल भी जाता है तो उसे मरीज को ले जाने चढ़ोत्तरी दो तभी बात बनेगी। वरना मरीज को स्वयं स्ट्रेचर खींच कर हॉस्पिटल के अंदर ले जाना पड़ता है। इसकी बानगी गत दिवस देखने को मिली जब सतना से इलाज के लिए पहुंची श्रीमती माया देवी रजक को लेकर उनके परिजन घंटों भटके। उनके दामाद मुकेश रजक ने बताया कि मेडिकल में सुबह 8:00 बजे से हम लोग परेशान थे ना तो भर्ती करने की कोई व्यवस्था थी ना हीं स्ट्रेचर ।उसके लिए 100 जमा करने पड़े और खुद धक्का लेकर जाना पड़ा और यहां लोग बहुत परेशान हैं 9:30 बजने इतक यहां कोई ओपीडी नहीं खुली है ना लोगों की पर्ची बनी । मेडिकल में दलालों का अड्डा है।

**पर मेडीकल, विक्टोरिया में लचर व्यवस्थाएं**

### विक्टोरिया की लिफ्ट भी बंद

शहर में अभी तक 100 से अधिक डेंगू के संदिग्ध केस मिल चुके हैं। विक्टोरिया अस्पताल में किट के आधार पर मरीजों को डेंगू पीड़ित नहीं माना जा रहा है। इनका एलायजा टेस्ट के बाद पुष्टि होने पर डेंगू पॉजिटिव की श्रेणी में रखा जाता है। वहीं निजी अस्पतालों में उपचारार्थ भर्ती मरीज डेंगू का इलाज कराकर लौट जाते हैं लेकिन कई दिनों तक अस्पताल से मरीजों की दर्ज संख्या नहीं उपलब्ध कराई जाती। विक्टोरिया अस्पताल के नए भवन में मरीजों के लिए लिफ्ट लगाई गई है। पिछले एक पखवाड़े से लिफ्ट बंद है। ऐसे में मरीजों को स्ट्रेचर पर वार्ड तक रैम्प पर ले जाने परिजन मजबूर हैं। लिफ्ट कब तक चालू होगी, प्रबंधन इस बात की जानकारी भी नहीं दे पा रहा है।

# बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर से मानसून सक्रिय



**जबलपुर,यशभारत।** बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम लो प्रेशर एरिया के रूप में सक्रिय हो रहा है। लो प्रेशर एरिया बनने से तेज बारिश होती है। मौसम विभाग की मानें तो मानसून फिर सक्रिय है और जबलपुर सहित पूरे संभाग में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर व आसपास के जिलों में मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में फिर से कम दबाव का क्षेत्र बनन‌ने के इस कारण जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, सागर, में अच्छी बारिश के संकेत हैं ।मौसम विभाग के अनुसार नए सिस्टम के कारण 22 अगस्त तक इसी तरह बारिश होती रहेगी। इसे बाद दो दिन तक 24 अगस्त तक कुछ हिस्सों में पानी गिरेगा, जबकि 25 से प्रदेश भर में सिर्फ गरज-चमक की स्थिति रहेगी। वर्तमान में चक्रवातीय एक्टिव झारखंड के ऊपर सक्रिय है। साथ ही उत्तर अक्षांश के सहारे हवाओं का क्षेत्र सक्रिय है। मॉनसून ट्रफ फिरोजपुर, नरनौल, उरई, सीधी, जमशेदपुर और दीघा से होते हुए पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक फैली है, जबकि उत्तर-दक्षिण ट्रफ विदर्भ-तेलंगाना से लेकर रायलसीमा-तमिलनाडु तट तक है। इसका प्रभाव 22 तक रह सकता है। बुधवार को अधिकतम तापमान 31.2 डिसे था आज का न्यूनतम तापमान 23.3 रहा। सुबह की आद्रता 93 प्रतिशत रही।

### बारिश के बाद भी हालत चिंताजनक

मानसून के दूसरे ब्रेक के बाद सक्रिय होने बाद भी प्रदेश के कई इलाकों में पानी नहीं गिरने हालात चिंताजनक बने हुए हैं। सूखा प्रभावित इलाकों में बारिश का सामान्य कोटा काफी नीचे है। जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, कटनी, दमोह, छतरपुर और पन्ना में भी हालात ठीक नहीं है। यह स्थिति बुधवार तक की थी।



# डॉक्टर अरुण मिश्रा हुए सम्मानित

**जबलपुर।** कोविड-19 के समय निरंतर असहाय लोगों की आर्थिक मदद एवं स्वास्थ्य संबंधी दवाओं को उपलब्ध कराया आज भी सेवा करने वाले डॉक्टर अरुण मिश्रा को कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ द्वारा सम्मानित किया गया ।आज भी सेवा को ही अपने जीवन का आधार स्तंभ मानते हैं। अपनी जान की परवाह न करते हुए कोविड-19 के समय निरंतर असहाय लोगों की आर्थिक मदद करना उनका स्वभाव है यह बात संघ के अध्यक्ष धनंजय बाजपेई ने कही। डॉ अरुण मिश्रा का श्रीफल स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। मुन्ना लाल जी सेन रवि शर्मा आर एस पांडे विनय शर्मा चंद्रशेखर शर्मा जी यदुवंश मिश्रा शशांक बर्मन रमेश दीक्षित राजेश केसरवानी विजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**पाबंदियों पर अमल करें - मौलाना**

# मुहर्रम: शहादत (कत्ल) की रात आज



जबलपुर। शहादत के पर्व मुहर्रम की गुरुवार की शहादत (कत्ल) की रात है। तारीख ए कर्बला के मुताबिक 9वीं मुहर्रम शहीद ए आजम हजरत हमाम हुसैन के जीवन की अंतिम रात्रि थी। दूसरे दिन योमे आशूरा दसवीं मुहर्रम को इमाम आली मुकाम ने शहादत पायी। कोरोना गाईड लाईन के चलते सववारियां मदार छल्ला गश्त करने नहीं जायेगी। इमामबाड़े से ही सलामी पेश की जायेगी। अलाव नहीं कूदे जाएंगे। कल 20 अगस्त शुक्रवार को बौमे आसूर (समापन) होगा। इस साल भी कोरोना की वजह से सवारी व ताजियों के जुलूस नहीं निकलेंगे। कोतवाली बाजार , तैयब अली चौक, घोड़ा नक्खास, चार खंबा, छोटी बजरिया में कर्बला की झांकी सजाई गई है। गढ़ा मुजावर मुहल्ला हुसैनी चौक में यादगारे अली असगर की आकर्षक झांकी सजाई गई है। मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश मौलाना हामिद अहमद सिद्दिकी ने कहा है कि हम पूरी अकीदत और मोहब्बत के साथ इमाम आली मकाम का उर्स मनायेंगे। लेकिन इस बीच ऐसा कोई काम नहीं किया जायेगा। जिससे संस्कारधानी का नाम खराब हो और हुकूमत की गाइड लाईन का उल्लंघन हो। जुलूस निकालने की इजाजत किसी को नहीं होगी। मुफ्ती ए आजम ने कहा कि जिला और पुलिस प्रशासन ने तय किया है कि मुहर्रम अपने अपने तौर तरीकों से मनायेंगे, लेकिन जुलूस निकालने की अनुमति किसी को नहीं होगी। मुहर्रम की शहादत की रात को मदार छल्ला सवारियां नहीं जायेंगी वही कोरोना को ध्यान में रखकर हुकूमत द्वारा लगाई गई पाबंदी के तहत मोहर्रम के जुलूस नहीं निकाला जायेगा। इस दौरान मुफ्ती ए आजम मुहर्रम की 20 तारीख के जुलूस का जिक्र करते हुए कहा कि न जुलूस निकलेगा न लंगर तकसीम किये जायेंगे। मौलाना ने अपनी अपील में कहा है कि मोहर्रम का त्यौहार सभी लोग अपने अपने घरों में मनाये और इमाम बाड़ों में ही ताजिये व सवारी ठंडी करने की रश्म अदा की जाये।

### कल मोहर्रम पर्व पर सामान्य अवकाश

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा 20 अगस्त को मोहर्रम के पर्व पर सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व मे 19 अगस्त 2021 को मोहर्रम पर्व के अवकाश को निरस्त करते हुए अब शुक्रवार 20 अगस्त 2021 को सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। 20 अगस्त को एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के सभी कार्यालयों मे अवकाश रहेगा। विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा 23 एवं 24 अगस्त को मनाया जाएगा सोलर रूफ्टॉप अमृत महोत्सव।

# लार्वा जांच एवं कीटनाशक दवा के छिड़काव का अभियान

**जबलपुर।** निगमायुक्त सन्दीप जीआर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग विक्टोरिया हॉस्पिटल की संयुक्त टीमों के द्वारा लार्वा की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आज संभाग क्रमांक 4 अंतर्गत शिवम हॉस्पिटल, डॉक्टर डावर क्लीनिक तथा गोरखपुर सब्जी मंडी के आसपास के प्रतिष्ठानों में लगे कूलरो ,पानी की टंकी ,छतों में पड़े टायरों, बर्तनों में लार्वा की जांच की गई जिसमें लार्वा पाए जाने पर विक्टोरिया के मलेरिया सर्विलेंस वर्कर आशीष नेमा एवं राजेश नरवरिया की जांच पाए जाने पर नगर निगम की टीम के द्वारा प्रतिष्ठानों में जुर्माने एवं चालान की कार्रवाई की गई तथा गोरखपुर सब्जी मंडी मुख्य मार्ग पर बिना मास्क के घूमने वाले लोगों तथा दुकानदारों के विरुद्ध चालान ,जुर्माने की कार्यवाही करते हुए कुल 28 चालान एवं 16870 रुपए जुर्माने के रूप में वसूल किए गए। अभियान के दौरान निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि नगर निगम की टीमों के द्वारा शहर के रहवासी सघन व्यापारिक एवं बाजार क्षेत्रों में प्रभावी कीटनाशक दवाओं का निरंतर छिड़काव किया जा रहा है जिससे कि मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों को रोका जा सके । श्री जी आर ने बताया कि संभाग स्तर पर गठित टीमों के द्वारा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर मच्छरों के विनिष्टिकरण का कार्य अभियान के रूप में कराया जा रहा है।



# कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु-सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने जबलपुर जिला कलेक्टर के द्वारा मुख्य मंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर मेघा पवार मैडम को एक ज्ञापन सौंपा और 15 सूत्रीय जायज मांगों का निराकरण अतिषीघ्र करने की मांग की गयी है। जहां कर्मचारियों को उमीद थी कि स्वतंत्रता दिवस पर कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता, एरियर की राषि और कर्मचारियों को पदनाम पदोन्नति देने की मुख्य मंत्री महोदय् द्वारा घोंषणा की जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ। मुख्य मंत्री महोदय् द्वारा कर्मचारियों को मिलने वाले आर्थिक लाभ को दिये जाने की बात तो कही गयी परंतु कब दी जायगी यह बात नहीं कही गयी जिससे कर्मचारियों में निराषा के साथ ही रोष व्याप्त है और कर्मचारी चाहते हैं कि उनकी मांगो को अतिषीघ्र पूरा किया जाए ।संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, शहीर मुमताज़, दिनेष गौंड़, चैतन्य कुषरे, स्टेनली नॉबर्ट, एनोस विक्टर, हेमंत ठाकरे, कैलाष शर्मा, अरूण जैन, विनोद सिंह, राकेष श्रीवास, धीरेन्द्र गर्ग, विनोद पुरी, प्रकाश मिश्रा, आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है कि प्रदेष के कर्मचारयों की जायज मांगो का निराकरण अतिषीघ्र किया जाए।

# कोविड में अनाथ हुए बच्चों को घर, बैठे मिला पीएफ, पेंशन का सहारा

**जबलपुर। मस्ताना चौक रॉझी निवासी देवेन्द्र नायडू की ऑखे उस समय भवावेश में छलक उठी जब ईपीएफओ के अधिकारी ने कोविड में मृत उनके छोटे भाई कन्हैया नायडू के पीएफ पेंशन और बीमा लाभ के अधिकार पत्र उनके बच्चों को सौंपे। अप्रेल माह में कोविड से इन बच्चों के माता पिता की एक सप्ताह के अन्दर मृत्यु हो गई थी।**



दरअसल मप्र एवं छग अंचल के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त श्री अजय मेहरा के निर्देश पर विभाग कोविड में मृत पीएफसदस्यों के परिजनों को पीएफपेंशन की राहत देने जानकारी जुटा रहा था। कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण सिंह को महिला बाल विकास विभाग से इस प्रकरण की जानकारी लगी। मृतक कन्हैया नायडू शुभ मोटर्स में कार्यरत था।

जानकारी मिलते ही विभाग ने परिजनों एवं संस्थान से सम्पर्क कर क्लेम फार्म भरवाने की औपचारिकता पूरी की। जबलपुर कार्यालय के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग 1 राकेश सहरावत को इसकी जानकारी दी गई। श्री सहरावत के निर्देश पर कार्यालय में तत्काल क्लेम का निपटान किया गया। मृतक के दोनो बच्चों तोपिका कन्हैया नायडू और श्रीनिवास कन्हैया नायडू को पीएफके रू0 72259 और बीमा लाभ का रू0 125000 प्रत्येक को दिया गया। दोनो बच्चों की मासिक पेंशन रू01141 स्वीकृत हुई जो उन्हे 25 वर्ष तक मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी और कार्यालय के लेखाधिकारी आर एस मरावी ने संस्थान में जाकर दोनो बच्चों को भुगतान के अधिकार पत्र सौंपे ।इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने बताया कि कार्यालय ईपीएफ्ओ के प्रयास अभियान और श्री अजय मेहरा के मार्गदर्शन पर आपका आफिस आपके द्वारज्ज की अवधारणा पर कार्य करता है। कोविड सहित मृत्यु प्रकरणों पर विभाग सम्वेदनशीलता के साथ तत्पर कार्यवाही

# संस्थान की सोच ऐसी ही शुभ हो : रोहाणी

**जबलपुर।** शुभ मोटर्स परिवार द्वारा आज एक नईपरंपरा प्रारंभ की गयी । संस्थान में वर्षों से कार्यरत कर्मचारी कन्हैया नायडू औरउनकी धर्म पत्नी श्रीमती सुनीता नायडू का जब कोरोना की महामारी से निधन हो गया तबउनके दोनों बच्चों के भविष्य की चिंता शुभमोटर्स परिवार द्वारा की गई। आज संस्थान परिसर में आयोजित एक सादे कार्यक्रम मेंसंस्थान की ओर से इन बच्चों निवास गोविंद राजा नायडू व बिटिया तोषिका कन्हैयानायडू को तीन लाख रुपये की एफडीआर सौंपी गई

एवं कन्हैया नायडू की भविष्य निधि कीराशि भविष्य निधि के प्रदेश चीफ कमिश्नर अजय शर्मा एवं श्री खम्परिया जीके अथक प्रयासों से ही इन बच्चों के खातोंमें लगभग रुपये 5 लाख की राशि जमा की जा चुकी है।। साथ ही ये आश्वाशन भी दिया गया कि इन दोनों बच्चों कोभविष्य में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। संस्थान इसका पूरा ख्याल रखेगा।

कैण्ट विधानसभा केविधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि ये अनुकरणीयपहल है। सभी उद्यमियों को अपने कर्मचारियों के प्रति संवेदना का यही भाव रखनाचाहिए, जो शुभ मोटर्स परिवार ने प्रस्तुत किया है। श्री रोहाणी ने कहा किकोरोना महामारी के दौर में ये प्रयास एक अनूठा उदाहरण है। शुभ मोटर्स ने ये वास्तवमें शुभ कार्य किया है। उल्लेखनीय है कि शुभ मोटर्स की पहल व श्री रोहाणी केप्रयासों से इन बच्चों को प्रतिमाह 5 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है एवं इन बच्चों के वयस्क होने तक इनकी शिक्षा निःशुल्क रूप से जारी रहेगी। -

**शुभ मोटर्स ने दिवंगत कर्मचारी के बच्चों को दी तीन लाख की आर्थिक सहायता**

मेरी पूंजी हैं मेरा स्टाफ-केमतानी

शुभ मोटर्स के एमडी महेश केमतानी ने बहुत भावुक होते हुए कहा कि उनका स्टाफ ही सब कुछ है। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा यही है किवे अपने कर्मचारियों के परिजनों के लिए सदैव कुछ अच्छा कर सकें। श्री केमतानी नेबताया कि स्वर्गीय कन्हैया नायडू के परिवार केलिए इसकेअलावा अन्य प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में फाइनान्समैनेजर अभिषेक चौबे का भी निधन हो गया है,जिससे हम सब द्रवित हैं। श्री केमतानीने बताया कि श्री चौबे की भविष्यनिधि की राशि शीघ्र ही उनके परिजनों को सौंप दीजाएगी। इससेपूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में शुभ मोटर्स परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत कियागया। कार्यक्रम में भविष्य निधि कार्यालय के रूप सिंह मरावी मौजूद रहे। इस अवसर पर शुभ मोटर्स के सीइओ स्पर्श केमतानी, डायरेक्टर आशीष केमतानी,आशीषअग्रवाल,रत्नेश तिवारी,जोतेंद्र पाठक,दीपक शुक्ला, कपिलगोलछा,संजू सिंह,सुशांत नायडू,सुवेश जेठा,धर्मेंद्रशर्मा,राहुल मिश्रा व संदीप तिवारी आदि की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शनसीइओ स्पर्श केमतानी ने किया। मंच संचालन जेके पाठक द्वारा किया गया।



## 4 स्पेशल गाड़ियों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

*जबलपुर यश भारत। रेलगाड़ियों में प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 01447 जबलपुर से हावड़ा शक्तिपुंज स्पेशल ट्रेन में 19.08.2021 एवं 20.08.2021 को 01 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर से कोयम्बटूर स्पेशल ट्रेन में 20.08.2021 को 01 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09238 रीवा से राजकोट स्पेशल ट्रेन में 23.08.2021 को 02 शयनयान श्रेणी और गा?ी संख्या 02854 भोपाल से दुर्ग अमरकंटक स्पेशल ट्रेन में 19.08.2021 से 21.08.2021 तक 01 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है।रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यह गाड़ी पूर्णत~आरक्षित है अत: इनमें कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का कृपया पूरी तरह पालन करें।

# शहर की बेटियों ने उठाया खेल को बढ़ावा देने का बीड़ा

### एनआईईएम की छात्राओं ने किया वेबसाइट का निर्माण, मिलेंगी सभी अपडेट

**जबलपुर,यशभारत।** ओलंपिक में महिला खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद शहर में खेल को लेकर जागरूकता की कमी है और इस जागरूकता को बढ़ाने का बीड़ा अब शहर की बेटियों ने उठाया है। एनआईएमएम की छात्राएं रूपाली. हिमानी. मानसी. जया.प्रिया और पारुल ने मिलकर एक ऐसी वेबसाइट का निर्माण किया जिसमें खेल की तमाम गतिविधियों की अपडेट लोगों को सहज सुलभ हो सकती है। इसके पीछे उद्देश्य शहर में महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है।

#### दीपोत्सव से किया आगाज

आजादी के 75 वें वर्ष पूर्ण होने पर एनआईईएम द इंस्टिट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट की छात्राओं द्वारा शहीद स्मारक गोल बाजार प्रांगण में 75 दीप जलाकर दीपों में भारत शब्द लिखकर मनाया आजादी के इस शुभ अवसर पर स्पोर्ट्स स्टार ऑफ जबलपुर नाम से फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर एनआईईएम की छात्राएं रूपाली, हिमानी, मानसी, जया प्रिया और पारुल ने लैपटॉप के द्वारा खेल से संबंधित ढेर सारी जानकारियां कैसे प्रेरित करना है ।इस वेब साइट का अनावरण किया गया।



#### महिला शक्तिकरण को बढावा

एनआईईएम की छात्राओं ने बताया समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिलाओं को खेल में अपना करियर बनाने के लिए जागरूकता की कमी है। आधुनिक दौर में महिलाएं बहुत आगे तक देश का नाम रोशन कर रही हैं। इसी विजन को देखते हुए आज इंटरनेशनल स्तर पर महिला खिलाड़ी अपनी पहचान बना चुकी है ।गीता फोगाट मीरा बाई इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है ।हमारे द्वारा अभिभावकों छात्र छात्राओं को जानकारी सुझाव और सलाह सही दिशा में प्रदान कर उनमें खेल को करियर के रूप में स्थापित करने भरसक प्रयास करती हैं ।

#### ऐसी मिली प्रेरणा

रूपाली. हिमानी. मानसी. जया.प्रिया और पारुल से जब इस वेबसाइट को बनाने की प्रेरणा के विषय में पूछा गया तो उनका कहना था कोरोना काल में खेल गतिविधियों पर लगाम लग चुकी थी. ऐसे में लोगों का रुझान भी खेलों के प्रति कम होता जा रहा था।वही ओलंपिक में भारतीय महिला खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें शहर में भी खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की प्रेरणा मिली। जिसके बाद इस वेबसाइट का निर्माण किया गया।

#### मिलेगी स्पोर्ट्स की सारी अपडेट

स्पोर्ट्स स्टार ऑफ़ जबलपुर का गठन सभी को नेशनल इंटरनेशनल खिलाड़ी खेल संगठन कोच और सरकारी योजनाओं की जानकारी सभी सोशल मीडिया वेबसाइट इंटरनेट समाचार पत्र और डिजिटल मीडिया के माध्यम से जागरूक करना है बेटी एवं महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया बदल कर एक अच्छे समाज का निर्माण करना हमारा प्रथम उद्देश्य है।

## खमरिया फैक्ट्री का नामकरण अब मिल्क हुआ

जबलपुर यशभारत। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान शहर में स्थापित आयुध निर्माणी खमरिया का76वर्षों के बाद नाम बदल कर अब च्मिल्कज्.हो गया है।आयुध निर्माणी खमरिया नाम अब अतीत के गर्त में समा गया है।जिसे अब मिल्क के नाम के साथ भविष्य में पुकारा जायेगा।हालांकि यहां दूध का उत्पादन नहीं अपितु पूर्व की भांति गोला बारूद का ही उत्पादन होगा।नामकरण सिर्फ निगम बनने से हुआ है।उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा लिए गये नीतिगत फैसले के तहत ओ एफ बी का विखंडन कर सात निगम बनाए गए हैं।जिनमें से एक म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड बनाया गया है।उक्त निगम का पंजीयन विगत17अगस्त को हो गया है।इसका मुख्यालय पूणे के खडकी आयुध निर्माणी को बनाया गया है।जिसमें एक्सप्लोसिव फैक्ट्री खडकी भी शामिल हैं।इस निगम के मुखिया यानी सी एम डी रविकांत महाप्रबंधक ओ एफ के को बनाया गया है।बताया गया कि रविकांत रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिकारियों की उस टीम के मुखिया रहे जिसे रक्षा मंत्रालय द्वारा आयुध निगम निर्धारित करने वाली संस्था के एम पी जी को सलाह और सहयोग देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।यह भी बताया गया कि रक्षा मंत्रालय ने ओ एफ बी के अधिकारियों को निदेशक मंडल में नियुक्ति के लिए प्राथमिकता देते हुए जारी पूर्व आदेश मे तीन वर्ष की सेवा अवधि शेष होने की शर्त रखी थी।लेकिन निगमों के निर्माण में योगदान देने वाले ओएफबी टीम के मुखिया रहे रविकांत जी एम खमरिया निर्धारित सेवा अवधि 3 वर्ष से कम होने पर निदेशक बनने की दौ? से बाहर निकल गए थे और जी सी एफ के महाप्रबंधक राजेश चौधरी सूची में पहले नंबर पर रहे।बाद में रक्षा मंत्रालय ने पांच दिन बाद ही अपने संशोधित आदेश मे सेवा अवधि को शिथिल कर दिया।जिससे खमरिया महाप्रबंधक रविकांत शीर्ष पर पहुंच गए और उन्हें म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड का सी एम डी नियुक्त कर दिया गया।हालांकि इसके साथ ही जी सी एफ जी एम राजेश चौधरी और जी एम व्ही एफ जे अतुल गुप्ता वरिष्ठता के आधार पर क्रमश: सी एम डी और डायरेक्टर आपरेशनल की नियुक्ति पाने मे कामयाब रहे जिनका मुख्यालय कानपुर होगा।




### ओएफबी के7 निगमों में एक बना एम आई एल में शामिल

# शाला त्यागी बच्चों को खोजने दर दर भटक रहे शिक्षक

### निजी स्कूल फीस माफ कर बच्चों को पुन: मैप करें

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि राज्य षिक्षा केन्द्र के आदेषानुसार बी.आर.सी कार्यालयों द्वारा शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के षिक्षकों को शाला त्यागी बच्चो की जानकारी एकत्र कर फीडबेक तैयार कर पोर्टल में अप लोड करने को दी गई हैं, जिस हेतु शिक्षक प्रायवेट शालाओं के चक्कर काट रहे हैं वहीं दूसरी और बच्चों की डबल समग्र आईडी होने सही एड्रस न होने और बच्चों का सही मोबाईल नम्बर न होने से जानकारी एकत्र करने में षिक्षकों को परेषान होना पड़ रहा है परंतु उन्हे सही जानकारी नहीं मिल पा रही है वहीं वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा प्रतिदिन की प्रोगरेस रिर्पोट मांगी जा रही है। परंतु सही जानकारी नहीं मिल पाने से षिक्षकों को पेरषानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं प्रायवेट स्कूलों में दर्ज बच्चों के पालक सीधे मुंह बात नहीं करते वे अपनी जिम्मेदारियो को नहीं समझते हैं यही वजह है कि शिक्षकों में रोष बना हुआ है।संघ ने आगे बताया कि जिन बच्चों की लिस्ट शाला त्यागी बच्चों के रूप में षिक्षकों को दी गयी है कि ये शाला त्यागी बच्चे है और इनकी जानकारी देनी है कि ये कहां गये या फिर पढ़ रहे हैं या नहीं। जब शिक्षक इन बच्चों का पता लगाते है तो इनका प्रायवेट स्कूलों में दर्ज होना बताया जाता है और जब प्रायवेट स्कूलों में पता लगाओ तो पता चलता है कि इन स्कूलों में ये बच्चे दर्ज हैं परंतु ये बच्चे अपनी फीस जमा नहीं कर पाये इसलिए प्रायवेट स्कूलों द्वारा बच्चो को मैप नहीं किया गया जिस वजह से वे पोर्टल में नहीं दिख रहे ऐसे बच्चों को जबरन में शाला त्यागी का नाम देकर शासकीय शिक्षकों को लिस्ट थमा दी गयी है। जिस वजह से ये शिक्षक दर दर भटकने मजबूर हैं। जबकि वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा सीधे प्रायवेट स्कूलों को नोटिस जारी करना चाहिए कि फीस का मामला उनका पर्सनल मामला है फीस जमा हो या नहीं यदि बच्चे का नाम स्कूल में दर्ज है तो उन्हे मैप करने की जिम्मेदारी प्रायवेट स्कूलों की बनती है। यदि वे मैंप नहीं करते तो उन पर कार्यवाही होनी चाहिए। यदि बच्चा उनके स्कूल से निकाल दिया गया है या फिर वह किसी कारण वस शाला छोड़ दिया है तो उसे स्कूलों से अनमैप कर दिया जाना चाहिए तब उनकी गिनती शाला त्यागी बच्चों में होगी। संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, मीनूकांत शर्मा, जियाउर्रहीम, कैलाष शर्मा, शहीर मुमताज़, आदि ने शासन से मांग की है कि प्रायवेट स्कूलों को सख्त हिदायत दी जाए कि वे अध्ययनरत बच्चों की फीस माफकर उन्हे शाला उन्नत कर पुन: शाला में मैप करें।

### भाजपा विधायक शर्मा बुद्धिहीन हैं, नहीं जानते कांग्रेस का इतिहास, इसलिए करते हैं बेफिजूल की बकवास

जबलपुर। अफगानिस्तान में तालिबानओं के द्वारा किए गए कब्जा पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा के द्वारा यह कहा जाना हास्यस्पद हैं कि कांग्रेस तालिबान एक सिक्के के दो पहलू हैं। आशय भी बताया गया इस आतंकी घटनाओं पर कांग्रेस निंदा भी नहीं कर रही ।अफगानिस्तान घटना पर कांग्रेस चुप क्यों हैं ? भाजपा विधायक शर्मा के इस घटिया बयान पर जबलपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने शर्मा को बुद्धिहीन कहा और बेवकूफी भरे बयानो का कचरा घर बताया। और पूछा है कि भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा खुद बताएं कि नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र संघ से संबंधित सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष हैं। वह क्यों चुप है ? सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वाहन क्यों नहीं किया। सप्ताह बीतने को हैं संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से शांति सेना भेजकर एक असहाय प?ोसी देश की मदद क्यो नही की, मदद करना तो दूर अपनी अभिव्यक्ति भी व्यक्ति नहीं कर पाए। जिससे आज पूरा भारत देश चिंतित है ।

# रेल भवन में उठे जबलपुर यात्रियों के मुद्दे

**जबलपुर।** दिल्ली रेल भवन में पब्लिक एमिनिटीस कमेटी (पीएसी) की बैठक में जबलपुर रेल यात्रियों से जुड़े मुद्दे छाए रहे। कमेटी के सदस्य अभिलाष पांडे ने पीएसी चेयरमैन पी.के. कृष्णदास से जबलपुर रेलवे यात्रियों की सुविधा और असुविधाओं को लेकर बात की। बैठक में सिहोरा , शहपुरा , गोटेगांव स्टेशनों में ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने के साथ जनरल टिकट बिक्री स्टेशनों से शुरू कराने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। कमेटी के चेयरमैन ने जबलपुर से ज?ी मांगों से रेल मंत्री को अवगत कराने की बात कही।

#### जबलपुर रेलवे से ज़ड़े इन मुद्दों पर चर्चा हुई

- कोरोना काल में एमएसटी किराये में हुई वृद्धि में तत्काल रियायत देने का ।- यात्रियों की सुविधाओं हेतु जनरल टिकट की बिकी स्टेशनों में शुरू करने हेतु ।-जबलपुर के आसपास सिहोरा , शहपुरा , गोटेगांव स्टेशनों में ट्रेनों के स्टॉपेज संख्या को ब?ाने का सुझाव । -रेल्वे द्वारा अधिग्रहण की जा रही जमीन के बदले परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने में लेटलतीफी को दूर करने के विषय को लेकर सुझाव दिये ।- मध्यप्रदेश में बडी संख्या में जैन , सिक्ख समाज के लोगों की धार्मिक स्थलों की यात्रा हेतु ट्रेनों की कनेक्टिविटी के लिये समुचित व्यवस्था। -कटनी , इटारसी , बीना जंक्शन में बिकने वाले खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को बेहतर से बेहतर बनाने का सुझाव - मदन महल स्टेशन से लगी पडी खाली जमीन जो कि रेल्वे की बड़ी संपत्ति है उस जमीन का भी समुचित उपयोग और विस्तार हो सकें , इसको लेकर भी सुझाव दिये । - जबलपुर से नैनपुर मण्डला और बालाघाट मार्ग की कनेक्टिविटी और यहां ट्रेनों के स्टॉपेज की संख्या ब?ाने हेतु सुझाव ।- भोपाल हबीबगंज स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य को क्वालिटी इम्पुवमेंट को लेकर रेल्वे को विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया।



पीएसी सदस्य अभिलाष पाण्डे चेयरमेन से चर्चा करते हुए

### सिहोरा , शहपुरा , गोटेगांव स्टेशनों में ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने की चर्चा

## धान मिलिंग के कार्य में और गति लायें- कलेक्टर

जबलपुर । कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने आज शाम मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में धान की मिलिंग को और गति प्रदान करने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि पिछले एक माह के दौरान मिलिंग में गति आई है लेकिन इसमें और तेजी लाये जाने की जरूरत है ताकि आगामी सीजन में उपार्जित धान के भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।कलेक्टर ने बैठक में मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मिलिंग में आ रही कठिनाईयों पर भी चर्चा की तथा उनके शीघ्र निराकरण का भरोसा दिया। श्री शर्मा ने मिलिंग से शेष धान की मिलिंग के लिए अनुबंध का निष्पादन आने वाले आठ-दस दिन के भीतर कर लेने के निर्देश दिये।उन्होंने मिलर्स से कहा कि लक्ष्य के अनुरूप धान की मिलिंग नवम्बर माह के अंत तक हर हालत में पूरा कर लिया जाये। इस कार्य में जहां भी जरूरत होगी प्रशासन की ओर से मिलर्स को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।

## पर्यावरण की अनुकूलता के लिये पौधारोपण जरुरी है : विधायक सक्सेना



जबलपुर। पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण से प्रकृति मौसम जलवायु में प्रतिकूलता बढ़ती जा रही है जिसका असर जल, वायु, खाद्य आदि में बड़ी तेजी से पड़ रहा है परिणाम स्वरुप मानव जीवन में ऑक्सीजन के लाले पड़ रहे हैं इस विषम परिस्थिति से निजात पाने पौधारोपण जरुरी हो गया है इस आशय के विचार क्षेत्रिय विधायक श्री विनय सक्सेना, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, के. के. अग्रवाल, समिति के अध्यक्ष विनोद दुबे, सलीम शहजाद, सचिन बाजपेयी, अमरीश मिश्रा, श्रीकृष्ण अग्रवाल आदि ने विकास समिति स्नेह नगर के तत्वावधान में आज 16 अगस्त से प्रारंभ वृहद पौधारोपण अभियान में व्यक्त किये।आमंत्रित अतिथियों का आर. के. जैन, आर. एस. पाण्डेय, सुरेन्द्र बाबा, जे.एस. सूर्यवंशी ने पुष्पहारों से स्वागत किया। मातृशक्ति श्रीमति मंजुला श्रीवास्तव, डॉ. दीपा अग्निहोत्री, डॉ. अनिता दुबे, अर्चना जायसवाल, नम्रता बाजपेई द्वारा धार्मिक विधि-विधान के साथ वृक्ष पूजन कर पौधारोपण अभियान का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर महिलाओं ने आओ पौधारोपण लगाएें के नारे के साथ वृक्ष रैली निकाली।






## दिव्यांगों के लिये संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

**जबलपुर,।** दिव्यांगजनों के लिये संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक केण्ट विधायक अशोक रोहाणी और आयुक्त निःशक्तजन जनकल्याण संदीप रजक की मौजूदगी में कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। इस दौरान अपर कलेक्टर हर्ष दीक्षित, संयुक्त संचालक निःशक्तजन एवं सामाजिक कल्याण आशीष दीक्षित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रत्नेश कुररिया सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वही एलिम्को के सीनियर मैनेजर श्री अनुपम प्रकाश व सक्षम संस्था के प्रतिनिधि पीयूष जैन भी रहे।

बैठक में विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि दिव्यांगों के कल्याण के लिये संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से हो, दिव्यांग की सेवा करना निश्चित ही प्रभु की सेवा है। उन्हें स्वयं ही दिव्यांग जनों की सेवा करने में विशेष रूचि है। उन्होंने कहा कि निःशक्तजनों के कल्याण के लिये संचालित योजनाओं व क्रियान्वयन की जानकारी सभी दिव्यांगों तक पहुँचे, इसके लिये प्रभावी पहल की जाये, जिससे सभी निःशक्तजन लाभांवित हो सके। इसके लिये उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के बाद गोराबाजार क्षेत्र में एक दिव्यांग सहायता कैम्प आयोजित की जाये। साथ ही दिव्यांगों को जो भी योजना का लाभ मिले उसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी हो, क्योंकि जनता से जनप्रतिनिधि सीधे जुड़े हुये है।बैठक में आयुक्त निःशक्तजन कल्याण श्री रजक ने कहा कि सभी दिव्यांगों की पहचान सुनिश्चित कर उनके दिव्यांगता का प्रमाण पत्र जारी करें और योजनाओं से लाभांवित करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण सहजता से उपलब्ध हो जाये। साथ ही बैटरी चलित वाहनों की समस्या का समाधान भी किया जाये। इस दौरान दिव्यांगों को पात्रतानुसार पेंशन, विवाह प्रोत्साहन राशि, छात्रवृत्ति, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत राशि सहित अन्य योजनाओं का लाभ समय पर मिलें।

### दिव्यांगों से सेवा प्रभू की सेवा

### मानकुंवर बाई कॉलेज की छात्राओं ने केन्द्रीय जेल के बंदियों को बांधी राखी

जबलपुर । शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज बुधवार को महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित राखी बंदी भाईयों को बांधी गई। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की डॉ. सुलेखा मिश्रा की उपस्थिति में गोपाल प्रसाद ताम्रकार जेल अधीक्षक एवं प्रभारी डीआईजी रेंज के मार्गदर्शन में उपस्थित बहनों द्वारा बंदी भाईयों को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। जेल के सभी बंदी भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें अच्छे आचरण एवं सुधारात्मक व्यवहार करने की प्रेरणा प्रदान की गई। इस मौके पर जेल के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सैनिक स्कूल न होना संस्कारधानी की उपेक्षा

जबलपुर। म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि संस्कारधानी जबलुपर में 6 आडिनेश फैक्ट्री, अनेकों सैनिक मुख्यालय व अनेकों केन्द्रीय विभाग होने के फलस्वरूप प्रदेश में सबसे अधिक केन्द्रीय कर्मचारी कार्यरत व निवासरत् हैं । जिन्हें अपने बच्चों की शिक्षा सैनिक स्कूल में कराने हेतु प्रदेश के एक मात्र सैनिक स्कूल रीवा पर आश्रित रहना पडता है । प्रदेश का एक मात्र सैनिक स्कूल होने के कारण वहाँ पर दाखिला पाना सभी के लिए आसान नहीं होता है व सैनिक स्कूल एक सपना सा प्रतीत होता है । संस्कारधानी जबलपुर में सैनिक स्कूल न होना सस्कारधानी की उपेक्षा प्रतीत हो रही है । संस्कारधानी जबलपुर में लाखों केन्द्रीय कर्मचारी होने के फलस्वरूप आयकार भुगतान में प्रदेश में संस्कारधानी अव्वल रहती है, इसके बाद भी सरकार द्वारा जबलपुर की सैनिक स्कूल की स्थापना न किया जाना समझ से परे है । जबलपुर में सैनिक स्कूल न होने केन्द्रीय कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिसके कारण वे अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं । जबलपुर में सैनिक स्कूल की स्थापना किये जाने से केन्द्रीय कर्मचारियों के साथ-साथ संभाग के अन्य जिलों के बच्चों का भी इसका लाभ प्राप्त होगा व जबलपुर के लिए एक बड़ी उपलब्धी होगी ।संघ के योगेन्द्र दुबे, अरवेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, नरेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, मुन्ना लाल पटेल, दुर्गेश पाण्डेय, सुरेन्द्र जैन, शकील अंसारी, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संस्कारधानी जबलपुर में सैनिक स्कूल की स्थापना की जाये जिससे जिले के साथ-साथ संभाग के अन्य जिलों के बच्चों को भी उसका लाभ प्राप्त हो सके । संघ माननीय सांसद, जिले के विधायक व जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराने हेतु शीघ्र ही ज्ञापन सौंपेगा ।

### कर्मचारी संघ ने उठाई आवाज

# जनता से आशीर्वाद लेने आठ घंटे शहर भृमण करेगी आशीर्वाद यात्रा

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही आशीर्वाद यात्रा में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक जबलपुर महानगर में आठ घंटे भ्रमण कर जनता से आशीर्वाद लेंगे, इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु व्यवस्था की बैठक संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ एवँ नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई। संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ ने कहा आशीर्वाद यात्रा का स्वरूप भव्य हो और जबलपुर की जनता तक इसका संदेश जाए इस हेतु यात्रा मार्ग में स्वागत मंच लगाए जाएं, और जिस तरह मोदी जी ने महिलाओं, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग को अपने मंत्रिमंडल में स्थान दिया है उसी तरह सभी मोर्चो द्वारा उस वर्ग के लोगो के साथ केंद्रीय मंत्री की यात्रा का स्वागत किया जाए साथ ही सभी कार्यकर्ता अपने दायित्त्व का निर्वहन करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाये नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय एवँ प्रदेश नेतृत्व की मंशानुरूप यह कार्य्रकम देश के सभी राज्यो के साथ प्रदेश में भी हो रहा है जिसमे हमारे केंद्रीय मंत्रियों का जनता से सीधा जुड़ाव हो सके और इस हेतु महानगर के सभी कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास करना है और आगामी 23 अगस्त को पूरे शहर में उत्सव का माहौल बनाना है इस हेतु जिसे जो व्यवस्था दी गई है उसे पूरा करना है। यात्रा प्रभारी संदीप जैन ने बताया कि 23 अगस्त को दोपहर 12 बजे यात्रा आईटीआई माढ़ोताल से शहर में प्रवेश करेगी जो दीनदयाल चौक, विजय नगर, अहिंसा चौक, उखरी तिराहा, लेबर चौक, रानीताल चौक होते हुए भाजपा कार्यालय पहुँचेगी जहाँ पत्रकारवार्ता के बाद कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय मंत्री श्री खटीक का स्वागत किया जाएगा इसके बाद यात्रा दमोहनाका से मिलौनीगंज होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर पहुँचेगी जहाँ दर्शन के बाद खटीक समाज द्वारा अभिनंदन कार्यक्रम किया जाएगा इसके बाद यात्रा घमापुर, पर्यटन चौक, होते हुए सदर पहुँचेगी जहां शहीद स्मारक में पुष्पांजली के बाद यात्रा कटंगा तिराहा, बंदरिया तिराहा, गुप्तेश्वर, कृपाल चौक, त्रिपुरी चौक होते हुए दयोदय तीर्थ तिलवारा पहुँचेगी जहां आचार्यश्री विद्यासागर जी के दर्शन के बाद यात्रा सगडा, से जसूजा सिटी पहुँचेगी जहां साहित्यिकार आचार्य भगवत दुबे से भेंट के बाद धन्वंतरि चौक, पिसनहारी म?िया से बरगी हिल्स, रामपुर चौक होते हुए यात्रा ग्वारीघाट पहुँचेगी जहां माँ नर्मदा की आरती पूजन के साथ संत महात्माओं का आशीर्वाद लेकर यात्रा छोटी लाइन फाटक, ब्लूम चौक से होम साइंस कॉलेज के पास स्थित रजनीश अग्रवाल के निवास पर पहुँचेगी जहां केंद्रीय मंत्री श्री खटीक द्वारा स्पेशल ओलंपिक के खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा इसके बाद लिंक रोड, होते हुए केंद्रीय मंत्री श्री खटीक की यात्रा कटंगी की ओर प्रस्थान करेगी। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, डॉ जितेंद्र जामदार, रजनीश यादव, रत्नेश सोनकर, पंकज दुबे, अरविंद पाठक सहित व्यवस्था से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित थे।जनता से आशीर्वाद लेने आठ घंटे शहर भृमण करेगी ।




### व्यवस्था हेतु बैठक सम्पन्न


### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पिता श्री प्रमोद कुमार राव ने मेरे जन्म पश्चात यूटीआई म्युचल फण्ड में फोलियो नं 517187278404 में SIMPLE RAO नाम से निवेश किया था। स्पेलिंग त्रुटिवश मेरा नाम SIMPLE RAO लिखा गया जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग SIMPAL RAO है। मेरे सभी दस्तावेजों यथा अंक सूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम SIMPAL RAO है जो सही है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अत मुझे इस नाम से जाना जावे।

**SIMPAL RAO**
**ए-2 समार्थ निलय अपार्टमेंट**
**हाथीताल रोड महानद्दा, जबलपुर**

# प्रदेश में 23 अगस्त से शुरू होगा सोलर रूफ टॉप अमृत महोत्सव, लगेंगे विशेष शिविर

**भोपाल।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा अगले हफ्ते दो-दिवसीय सोलर रूफ टॉप महोत्?सव मनाने की तैयारी है। लोगों को सोलर रूफ टॉप के बारे में जागरूक करने के मकसद से 23 एवं 24 अगस्त को अमृत महोत्सव मनाया जाएगा। इसी सिलसिले में सोलर रूफ टॉफ के मध्यप्रदेश में पंजीकृत सभी वेन्डरों की बैठक 16 अगस्त को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्यालय में आयोजित की गई थी। बैठक में 150 से अधिक कैम्प आयोजित किये जाने के निर्णय लिया गया। इस महोत्सव के तहत राजधानी भोपाल में 24 अगस्त को शिविर लगाए जाएंगे। शहर में लगभग 32 परिसरों में सोलर रूफ टॉफ को बढ़ावा देने के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर 24 अगस्त को आइएएस गेस्ट हाउस, चार इमली में भी जनजागृति शिविर लगाया जाएगा। गौरतलब है कि सोलर रूफ टॉप लगाने से एक ओर जहां ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा



मिलेगा, वहीं दूसरी ओर जो उपभोक्ता अपने परिसर में सोलर रूफ टॉप लगवाते हैं उनको बिजली बिलों में भी राहत मिलेगी।

### सोलर पैनल से 25 साल तक मिलेगी बिजली

सोलर पैनल से बिजली 25 साल तक मिलेगी और इसके लगाने के खर्च का भुगतान 4 से 5 वर्षों में बराबर हो जाएगा। इसके बाद अगले 20 वर्षों तक सोलर से बिजली का लाभ लगातार मिलता रहेगा। इससे कार्बन फुटप्रिंट कम होगा और पर्यावरण को लाभ मिलेगा। एक किलोवाट सौर ऊर्जा के लिए लगभग 10 वर्गमीटर एरिया की जरूरत होगी। 3 किलोवाट तक के सोलर प्लांट पर 40 प्रतिशत की सबसिडी और 3 से 10 किलोवाट तक के सोलर पैनल पर 20 प्रतिशत की सबसिडी भारत सरकार द्वारा मिलेगी।



# दो बार मछुआरों के जाल में फंसा क्रूज, घबराए पर्यटकों ने डायल 100 में की शिकायत

**भोपाल।** राजधानी के खटलापुरा घाट पर नाव दुर्घटना में 11 युवकों की मौत के बाद जिला प्रशासन ने शाम 7 बजे के बाद बोट संचालन को प्रतिबंधित कर दिया है। लेकिन मप्र टूरिज्म कार्पोरेशन द्वारा बड़े तालाब पर रात 9 बजे तक क्रूज का संचालन किया जा रहा है। रविवार को दो बार क्रूज मछलियों के लिए लगाए गए जाल में फंस गया। जिससे क्रूज का इंजन बंद होने से पर्यटक परेशान हो गए। दोपहर करीब 2 बजे केबल स्टे ब्रिज के सामने जाल में फंस गया। जाल काटने और वहां से रवाना होने में दो घंटे लग गए। इस दौरान क्रूज में मौजूद घबराए पर्यटकों ने डायल 100 में फोन करके इसकी जानकारी भी दी। वहीं, शाम करीब सात बजे भी दोबारा जाल में फंस गया। करीब आधे घंटे बाद क्रूज का इंजन चालू हो पाया। बोट संचालक राजेश रायकवार ने बताया कि कूज का रूट तय है, लेकिन इसे रूट से हटकर चलाने के कारण जाल में फंसने की समस्या हो रही है। यही नहीं इसमें ज्यादा कमाई के चक्कर में क्षमता से अधिक पर्यटकों को बैठाया जाता है। जिसको देखने वाला कोई नहीं है। नगर निगम के झील संरक्षण शाखा के सिटी इंजीनियर संतोष गुप्ता का कहना है कि तालाब में मछली पालन के लिए मछुआरे जाल लगाते हैं, उन्हें क्रूज के रूट से जाल को हटाने के लिए कहा गया है। सूर्यास्त के बाद बोट के संचालन पर रोक है। क्रूज रात 9 बजे तक है अथवा नहीं, इसके लिए परमिशन की जानकारी ली जाएगी।

### सीएम हाउस के सामने से कुछ पर्यटकों को निकाला

शाम 7 बजे फिर क्रूज में फंस गया, जिससे इंजन बंद हो गया। जाल निकालने के लिए बोट से लोगों को भेजा गया। लेकिन इसमें समय लग रहा था। जिसके बाद कुछ पर्यटकों को सीएम हाउस के सामने वाले हिस्से में उतारा गया।

तालाब में मछली पकड़ने वाले क्रूज के रूट में जाल लगा देते हैं, जिससे क्रूज फंस जाता है। 10-15 मिनट में जाल को काटकर क्रूज निकाल लिया जाता है। यह सामान्य घटना है। शाम को क्रूज में सवार कुछ पर्यटकों को कहीं जाना था, इसलिए वे उतरने की मांग कर रहे थे, उन्हें मोटर बोट से किनारे पर लाया गया।

**अनिल कुरूप, प्रबंधक, बोट क्लब एमपी टूरिज्म**



# भोपाल में नई फिल्मों के साथ आज से खुले सिनेमाघर

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बाद से बंद पड़े सिनेमाघर फिर से खुलने जा रहे हैं। भोपाल में गुरुवार से सिनेमाघर खुलेंगे, जहां पहले दिन अक्षय कुमार स्टारर फिल्म बेल बॉटम दिखाई जाएगी। यह फिल्म पूरे देश में एक साथ रिलीज हो रही है। पूरे चार महीने बाद बड़े पर्दे पर लोग फिल्म देख सकेंगे। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बाद टॉकीज और मल्टीफ्लेक्स को बंद कर दिया गया था। इसके बाद स्थितियां सामान्य होते ही गत जुलाई माह में जिला प्रशासन ने 50 फीसद दर्शक क्षमता के साथ टॉकीज खोलने के आदेश दिए थे, लेकिन नई फिल्में न आने की वजह से अधिकतर टॉकीज संचालकों ने टॉकीज नहीं खोली थी। जिन्होंने संचालन आरंभ भी किया था वे पुरानी फिल्में दिखा रहे थे, जिसका कोई खास रिस्पांस दर्शकों को नहीं मिल रहा था, लेकिन अब नई फिल्मों के साथ टॉकीजों का संचालन शुरू हो रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य में 258 और शहर में आठ सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर हैं, जिनमें से छह कल से खोले जा रहे हैं। इसी तरह राज्य में करीब 50 मल्टीप्लेक्स हैं, जिनमें से छह भोपाल में हैं। लगातार आ रही हैं नई फिल्में ॰ मप्र सिनेमा एसोसिएशन के सचिव अजीजुद्दीन ने बताया कि हमीदिया रोड स्थित अल्पना टॉकीज में बुधवार दोपहर डेढ़ बजे टॉकीज का शुभारंभ कर नई फिल्म का टेलर दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार स्?टारर %बेल बॉटम% के बाद सिनेमाघरों में रिलीज के लिए कुछ बड़ी फिल्में आ रही हैं। 26 अगस्त को अमिताभ बच्चन और इमरान हासमी अभिनीत %चेहरे% आ रही है। इसके बाद पांच सितंबर को भी एक फिल्म आने वाली है। फास्ट एंड फ्यूरियस-9 भी इन सिनेमाघरों में दिखाई जा सकती है। बता दें कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए केवल 50त्न दर्शक ही एक साथ हॉल में बैठ सकेंगे। आधी पब्लिक की एंट्री के साथ ही फिल्म दिखाई जाएगी। दर्शक को एक सीट छोड़कर ही बैठना होगा। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और मास्क पहनना अनिवार्य है। शरीर का तापमान चेक होने के बाद सैनिटाइज कर ही प्रवेश दिया जाएगा।

# अब पंजीयन रोके जाने का थमा दिया नोटिस

### जूनियर डॉक्टरों ने कहा, सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं करने का दिया था भरोसा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल ने गांधी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के तीन पदाधिकारियों को नोटिस भेजकर कहा है कि हड़ताल में शामिल होने की वजह से मेडिकल काउंसिल में उनका पीजी का पंजीयन फिलहाल रोक दिया गया है। इस संबंध में नेशनल मेडिकल कमीशन से राय मांगी गई है। राय आने तक इन छात्रों का पीजी पूरी होने के बाद मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल में पीजी डिग्री का पंजीयन नहीं हो पाएगा। गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के जिन तीन जूनियर डॉक्टरों को नोटिस दिया गया है, वे फिलहाल पीजी द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रहे हैं। इनका पंजीयन अगले साल अप्रैल के बाद होगा। हालांकि नेशनल मेडिकल कमीशन की राय एक से दो महीने के भीतर ही आ जाएगी। स्टेट जूडा प्रेसिडेंट डॉक्टर अरविंद मीणा ने कहा कि हाईकोर्ट ने भी यह कहा था कि आंदोलनकारी छात्रों पर कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। इसके अलावा चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंगने भी आश्वासन दिया था की आंदोलन समाप्त करने पर आंदोलनकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। ऐसे में भरोसा दिलाने के बाद कार्रवाई के लिए इस तरह का पत्र देना गलत है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगे गलत थीं, तो फिर सरकार ने उन्हें कैसे मान लिया।



### अनुशासनहीनता मानते हुए की जा रही है कार्रवाई

मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने जून में आंदोलन किया था। हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई कर हड़ताल को अवैध बताते हुए फौरन जूनियर डॉक्टरों को काम पर लौटने के लिए कहा था। इसके बाद भी डॉक्टर फौरन काम पर नहीं लौटे थे। इससे मंत्री और अफसर भी नाराज थे। मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल ने लिखा है कि आंदोलनकारियों ने इस संबंध में कोई माफीनामा भी नहीं दिया है। यह अनुशासनहीनता है। लिहाजा मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की जगह बने नेशनल मेडिकल कमीशन से राय लेने के बाद ही उनकी पीजी डिग्री का पंजीयन किया जाएगा।

# भोपाल में कोरोना वैक्सीन की अतिरिक्त डोज का हो रहा बेहतर उपयोग

**भोपाल।** राजधानी में कोरोना वैक्सीन लगाने का अभियान से बेहतर तरीके से संचालित हो रहा है। भोपाल को अभी तक तक कोरोना से बचाव के टीके के 16 लाख 7 हजार डोज उपलब?ध कराए गए, जबकि यहां पर 16 लाख 30 हजार लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। यानी भोपाल में लगभग 23 हजार लोगों को अतिरिक्त डोज का इस्?तेमाल कर वैक्सीन लगाई गई है और वैक्सीन का नुकसान शून्य कर दिया है। हर वायल में उपलब्ध अतिरिक्त डोज का भी बेहतर उपयोग किया गया हैं। अपर कलेक्टर संदीप केरकट्टा ने बताया की हर वैक्सीन वायल में 10 लोगों के लिए 11 डोज दिए जाते हैं। इसके लिए सभी वैक्सीन लगाने वालों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया और आखरी डोज का भी उपयोग करने के



लिए बताया गया। सतत प्रयास और मेहनत से आज अब भोपाल में बेहतर स्थिति निर्मित हो गई है और अब वैक्सीन का 101 प्रतिशत उपयोग हो रहा है। जिले में प्राथमिक चरणों में वैक्सीन लगवाने के प्रति कम जागरूकता के कारण पूरे डोज का उपयोग नहीं हो पा रहा था। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने इस के संबंध में व्यापक मीटिंग की और सभी को निर्देश दिए कि वैक्सीन केंद्र पर एक साथ पांच से अधिक लोग एकत्रित होने के बाद ही वैक्सीन की नई वायल खोली जाए और शाम चार बजे के बाद यदि डोज बच रही हैं, तो आसपास के लोगों से संपर्क कर ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करके बची हुई डोज का भी इस्?तेमाल सुनिश्?चित किया जाए। इससे वैक्सीन के खराब और बेकार हो जाने से बचा जा सकता है। इस रणनीति पर काम करते हुए लगातार ऐसे प्रयास किए गए। इसके साथ ही वैक्सीन डोज लगाने के संबंध में भी विशेष प्रशिक्षण से वायल में उपलब्ध 11वीं डोज का उपयोग किया जाने लगा। भोपाल में कोवैक्सीन और कोविशील्ड की वेस्टेज दर 0 से नीचे -1.4 पर आ गई है। इसमें और सुधार के लिए प्रयास लगातार जारी है। कोविशील्ड का वेस्टेज -2.08 पर आ गया है और कोवैक्सीन का बेस्टेज 0 से -1.03 प्रतिशत पर है।



# मध्य प्रदेश कृषि विभाग बाढ़ के बहाने समझाएगा फसल बीमा के फायदे

**भोपाल ।** किसानों को प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति से बचाने के लिए लागू प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत इस बार किसानों का पंजीयन कम हुआ है। अभी तक खरीफ फसलों के लिए लगभग 30 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग ने केंद्र सरकार से पंजीयन की तारीख बढ़ाने की मांग की थी, जिसे मान लिया गया है। अब 31 अगस्त तक पंजीयन होगा। किसानों को बाढ़ से हुए नुकसान के बहाने बीमा का महत्व समझाया जाएगा। वहीं, बीमा कंपनियां प्रीमियम की राशि 24 अगस्त तक जमा करा सकेंगी। पिछले साल 44 लाख से ज्यादा किसानों का फसल बीमा हुआ था। हालांकि, अभी इन्हें फसल क्षति का मुआवजा नहीं मिला है। कृषि विभाग ने तय किया है कि किसानों को बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के माध्यम से बीमा के फायदे समझाए जाएंगे। प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों के लिए प्रीमियम की राशि जमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई थी। किसानों के बोवनी में व्यस्त होने और अतिवर्षा की स्थिति को देखते हुए इस पहले बढ़ाकर नौ अगस्त और फिर 16 अगस्त किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैंकों से ऋण लेने वाले किसानों की प्रीमियम राशि बैंक काट चुके हैं और अऋणी और डिफाल्टर किसानों ने बैंकों में राशि जमा करा दी है। इसके लिए अंतिम समयसीमा 16 अगस्त निर्धारित थी।

किसानों के पंजीयन का काम अभी चल रहा है। वहीं, कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया कि अधिक से अधिक किसानों का फसल बीमा कराने के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ाने की मांग केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से की थी, जिसे मान लिया है। किसान बीमा कराने के लिए प्रेरित करने उन्हें ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में आई बाढ़ से प्रभावित फसलों की जानकारी देकर समझाया जाएगा। पिछले साल किसानों को पांच हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का फसल बीमा दिलाया गया था।

अगले माह मिल सकता है फसल बीमा ॰ पिछले साल 44 लाख से ज्यादा किसानों ने खरीफ फसलों का बीमा कराया था। अतिवर्षा के कारण सोयाबीन सहित अन्य फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था। कृषि विभाग की ओर से बीमा कंपनियों को दावे प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इनका अंतिम परीक्षण चल रहा है। इसके बाद किसानों को बीमा राशि का भुगतान किया जाएगा।



# विशेष शिविरों में बिजली कर्मचारियों की शिकायतों का किया जा रहा समाधान

**भोपाल।** बिजली कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित निराकरण करने के लिए विद्युत वितरण कंपनी विशेष अभियान चला रही है। इसके तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत 16 अगस्त से हो चुकी है। यह 21 अगस्त तक जारी रहेगा। उक्?त दिवस तक बिजली कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी वृत्त स्तर पर अपनी-अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं, इनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि तबादले को छोड़कर वेतन, सुविधा, निलंबन, कारण बताओ नोटिस, मेडिकल बिल, विभागीय जांच व अन्य प्रकरणों को सुना जा रहा है। विभिन्?न कर्मचारी संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर अपनी समस्?याओं या शिकायतों का त्वरित निराकरण करवा सकते हैं।




### शिविर लगाकर सुनी जा रही है समस्याएं

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 16 से 21 अगस्त तक वृत्त स्तर पर विशेष शिविर लगाकर कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कंपनी द्वारा वृत्त स्तर पर आयोजित इन शिविरों में पहले ही दिन लगभग एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों के विभागीय मामलों तथा अन्य छोटी-बड़ी समस्याओं का निदान किया गया।

### कर्मचारियों ने जताई खुशी

शिविर लगाकर समस्याओं की सुनवाई को लेकर कर्मचारी खुश हैं, क्योंकि इस तरह के प्रकरण सालों तक लंबित रहते हैं। कर्मचारियों को बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। मानसिक परेशानियां अलग होती है। बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने कर्मचारियों से कहा है कि उनसे जुड़ी हर समस्या का निराकरण किया जाएगा। मानवीय दृष्टिकोण व प्राकृतिक न्याय और शासकीय नियमों के अंतर्गत शिकायतों का तत्काल निराकरण करेंगे। यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी।

# 19 आदतन अपराधी भोपाल से जिलाबदर

**भोपाल।** संतोष ठाकुर, गौरव गौड़, सलमान, जुबेर व फैजान सहित सहित शहर की फिजा खराब करने वाले 19 आदतन अपराधियों को गुरुवार को जिलाबदर कर दिया गया है। इसमें से आठ कुख्?यात बदमाशों को एक वर्ष व चार अन्य को छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है। सात को तीन-तीन माह के लिए जिलाबदर किया गया है। कलेक्टर अनिवाश लवानिया ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने सभी जिलाबदर अपराधियों को भोपाल सहित आसपास के जिलों रायसेन, विदिशा, राजगढ़, होशंगाबाद, सीहोर की सीमाओं से दूर चले जाने के आदेश दिए हैं। आगामी त्यौहारों के दौरान कहीं कोई अशांति की स्थिति न बने और कानून-व्यवस्था कायम रहे, इस बात को ध्यान में रखकर यह आदेश जारी किया गया है। बता दें कि 15 जून से भोपाल जिले में लागू धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी है और धरना, प्रदर्शन तथा जुलूस के आयोजन पर प्रतिबंध है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अविनाश लवानिया के निर्देश पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करें और बैठकों में बताया जाए कि जुलूस, धरना, जलसा, ज्ञापन, पांच लोगों से अधिक का एकत्रीकरण आदि पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके चलते किसी भी प्रकार के आयोजन प्रतिबंधित रहेंगे।





### इनको किया जिलाबदर

एक वर्ष के लिए

थानाक्षेत्र -- अपराधी

टीटी नगर--गौरव गौड़, संतोष ठाकुर, शेख समद उर्फ शानू

ईटदखेडी- सलमान उर्फ बिल्ली

ऐशबाग- मोहम्मद शाहरूख उर्फ खर्रा

कोलार रोड- सुनील डागर

हनुमानगंज- मुजीब उर्फ वसीम

गौरम नगर--भारत सोनी

छह माह के लिए जिलाबदर

जहांगीराबाद- जुबेर खान

कोतवाली- दानिश उर्फ अजहरूद्दीन

निशातपुरा- आमिर

कोहेफिजा-- आरिफ खान

तीन माह के लिए जिलाबदर

ईटखेड़ी -- बलवीर सिंह ठाकुर

तलैया-- फरहान मोहम्मद

पिपलानी-- राजेंद्र उर्फ दाउ

अशोका गार्डन-- फैजान उर्फ वानर

श्यामला हिल्स-- शानू अली उर्फ शानू

गांधी नगर-- गुलरेज लाल खान

बिलखिरिया-- बाबू मीना

# वृत्तचित्र निर्माण में हैं कॅरियर की उज्ज्वल संभावनाएं - अशोक शरण

**भोपाल।** डाक्युमेंट्री फिल्म निर्माण को करियर के रूप में अपनाया जा सकता है। इस क्षेत्र में काम करने के लिए बहुत अवसर हैं। देश-दुनिया में अनेक संस्थाएं हैं, जो डाक्युमेंट्री फिल्में बनवाती हैं और खरीदती भी हैं। इस क्षेत्र में प्रसिद्धि और पैसा, दोनों हैं। यह बात प्रख्यात फिल्म निर्माता-निर्देशक अशोक शरण ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में वृत्तचित्र निर्माण कला पर आयोजित विशेष व्याख्यान में कही। उन्?होंने फिल्म के लिए विषय का चयन बहुत सावधानी से करना चाहिए। डाक्युमेंट्री फिल्म (वृत्तचित्र) निर्माण की बारीकियों के संदर्भ में बताते हुए फिल्मकार अशोक शरण ने कहा कि डाक्युमेंट्री फिल्म एक दस्तावेज की तरह होती है। इसमें तथ्यों के आधार पर फिल्म बनती है, इसलिए अच्छी डॉक्युमेंट्री बनाने के लिए शोध पर अधिक समय लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले वृत्तचित्र दिखाना बहुत कठिन होता था, लेकिन अब अनेक माध्यम आ गए हैं, जिनके माध्यम से हम अपने काम को समाज तक ले जा सकते हैं। डाक्युमेंट्री फिल्म बनाकर आप उसे यूट्यूब या फेसबुक पर अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डाक्युमेंट्री फिल्म निर्माण टीमवर्क है।

अच्छी डाक्युमेंट्री फिल्म बनाने के लिए टीम में निर्देशक, संपादक, कैमरापर्सन, पटकथा लेखक और अध्ययन/शोध करने वाला व्यक्ति होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल बायोपिक बनाने और देखने का चलन बढ़ा है। प्रमुख लोगों के बायोपिक खूब पसंद किए जा रहे हैं। बायोपिक बनाते समय हमारे पास दोनों विधाएं हैं। फीचर फिल्म और डाक्युमेंट्री। फीचर फिल्म में हम रचनात्मक स्वतंत्रता लेकर कुछ बातों को बदल सकते हैं, जबकि डाक्युमेंट्री में हमें फैक्ट पर ही बताना होता है।

### फरवरी 2022 में भोपाल में राष्ट्रीय फिल्मोत्सव का आयोजन होगा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने कहा कि डॉक्युमेंट्री फिल्म निर्माण के लिए हमें ऐसे विषयों का चयन करना चाहिए, जो समाज को प्रेरणा दें। डाक्युमेंट्री फिल्म निर्माण एक गंभीर काम है। इसके लिए अध्ययन और सामाजिक दृष्टि चाहिए। फिल्म के माध्यम से हम समाज को एक सार्थक दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि डाक्युमेंट्री फिल्में समाज का प्रबोधन करती हैं। प्रो. केजी सुरेश ने कहा कि भोपाल में 18 से 20 फरवरी 2022 को चित्र भारती राष्ट्रीय लघु फिल्मोत्सव का आयोजन होना है। इस फिल्मोत्सव में अपनी फिल्में 30 नवंबर तक भेजी जा सकती हैं। डाक्युमेंट्री फिल्म निर्माताओं के साथ ही पत्रकारिता एवं संचार क्षेत्र के विद्यार्थियों को इस फिल्मोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। वहीं प्रो सुरेश ने कहा कि डॉक्युमेंट्री फिल्में समाज का प्रबोधन करती हैं। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन विभाग के अध्यक्ष प्रो. पवित्र श्रीवास्तव ने किया। आभार ज्ञापन कुलसचिव प्रो. अविनाश वाजपेयी ने किया।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर स्मरण



**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर गढ़ा मार्ग व्यापारी संघ के तत्वाधान में संघ के कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ नेताजी के शैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में व्यापारी संघ के अध्यक्ष धनंजय वाजपेई ने नेताजी के आदर्श वाक्य च्तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगाज्ञ के महत्व को तात्कालिक परिस्थितियों में प्रेरणा प्रद बताया। डॉ अरुण मिश्रा ने बताया देश के लिए नेताजी का व्यक्तित्व और कृतित्व प्रेरणादाई था है और आगे भी रहेगा। शशांक बर्मन ने बताया कि आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी के देशप्रेम को देखकर हृदय वात्सल्य से भर जाता है। अवसर पर अध्यक्ष धनंजय वाजपेई, डॉ अरुण मिश्रा ,शशांक वर्मन, चमनलाल चढार, प्रकाश चंद्र साहू, सौरव पंडा ,ओमप्रकाश महावर ,सौरभ पटेल आदि मौजूद थे।

## गुरु का वचन सदा कल्याणकारी होता है:चैतन्यानंद महाराज



जबलपुर। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर में सावन मास के पावन पुनीत पर्व पर चल रहे शिव पुराण की कथा को विस्तार देते हुए ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज ने शिव विवाह के प्रसंग पर बताया कि सप्त ऋषि गण जब पार्वती की परीक्षा लेने गए तो पार्वती जी ने ऋषि यों से कहा की मेरे लिए नारद जी का वचन सर्वथा हितकर है। मैं उनके वचनों का परित्याग कदापि नहीं करूंगी। वेदवृत्ता विद्वान कहते हैं कि गुरु का वचन सदा कल्याणकारी होता है जिन लोगों ने बुद्धि से यह निश्चित किया है कि गुरु के वचन सर्वदा सत्य हैं, उनको इस लोक में तथा परलोक में सदैव सुख प्राप्त होता है, उन्हें कभी दुख प्राप्त नहीं होता जिन लोगों के हृदय में विचार नहीं हैं कि गुरुओं का वचन सत्य होता है उन्हें इस लोक में एवं परलोक में दुख ही दुख प्राप्त होता है। हे ब्राह्मणों! गुरुओं के वचन का किसी प्रकार भी त्याग नहीं करना चाहिए। चाहे घर बसे अथवा उजड़े- यह हठ मुझे सदा सुख देने वाला है।

## डेंगू मार रहा जनता को डंक नगर प्रशासन जिम्मेदारी से हो गया भंग

**जबलपुर ।** शिव सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाड़ेस्वर महावर के दिशा निर्देशन में वार्ड अध्यक्ष राकेश सोनकर के नेतृत्व मे मदन मोहन मालवीय वार्ड मे फैली नगर निगम की अनियमिताओं को लेकर नगर निगम जबलपुर का पुतला दहन का कार्यक्रम दर्शन चौक पर समपन्न हुआ । और नगर निगम प्रसाशन को ज्ञापन भी सौंपा गया और इस ज्ञापन में माँग के माध्यम से वार्ड की समस्यों का निराकरण अतिशीघ्र नहीं किया गया तो शिव सेना के व्दारा उग्र आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी जबाबदारी शासन प्रशासन की होगी इस कार्यक्रम उपस्थित रहे शिव सेना के मध्यप्रदेश प्रदेश प्रवक्ता पं, कन्हैया तिवारी, जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र वारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि कुमार बेन एवं जबलपुर संभाग प्रमुख तरुण महावर, महाराणा प्रताप वार्ड के अध्यक्ष एडवोकेट रोशन आनंद, त्रिपुरी वार्ड अध्यक्ष अमर देव यादव , विरेंद्रपुरी वार्ड के अध्यक्ष शैलू पटेल, सुनील लोधी, आशीष सोनकर, भवानी शंकर, सुदर्शन सोनकर, राजबीर सोनकर, सुधीर ताम्रकार, एवम शिव सेना के समस्त पदाधिकारी भारी सख्या मे उपस्थित रहे ।

## अतिक्रमण बढ़ा रहा राहगीरों की मुश्किल



**नारायणगंज।** नारायणगंज नगर में रोजाना अतिक्रमण बढ़ते जा रहे हैं कभी-कभी प्रशासन इन अतिक्रमण पर कार्रवाई करता है,परंतु कार्रवाई के कुछ दिनों बाद फिर पहले के जैसे दुकानदार अतिक्रमण को बढ़ाने लगते हैं

### अस्पताल रोड में अतिक्रमण से हो रही परेशानी

बस स्टैंड से अस्पताल जनपद रोड में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है,जिसके चलते एंबुलेंस और अस्पताल जाने वाले राहगीरों को निकलने में बहुत ही मुश्किल का सामना करना पड़ता है बरसाती पानी रोड में भर जाने के कारण राहगीर अगर रोड के किनारे से निकलना चाहे तो दुकानदारों के द्वारा रखें दुकान के सामान के कारण वह नहीं निकल पाते हैं ट्रैफिक जाम होने की स्थिति में एंबुलेंसओं का निकलना भी बहुत ही मुश्किल हो जाता है प्रशासन का ध्यान अतिक्रमण के ऊपर आकर्षित नहीं हो पाता, राहगीर बहुत ही परेशानी का सामना कर रहे हैं परंतु दुकानदार अपनी दुकान रोड तक लगाने से बाज नहीं आ रहे!

## लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए पुलिस व राजस्व के अधिकारी कर रहे प्रेरित ,अधिकारी उतरे सड़क पर

**शहडोल।** शहर के जयस्तंभ चौक में चल रहे वैक्सीनेशन के कार्य में पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने लोगों को रोककर लोगो से बातचीत कर उन्हें पहला एवम दूसरे डोज लगवाने की सलाह बुधवार की सुबह से ही दी जा रही है। कलेक्टर डॉ सत्येंद्र सिंह एवं पुलिस कप्तान अवधेश गोस्वामी के निर्देश पर जय स्तंभ चौक में चल रहे वैक्सीनेशन को लेकर पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी सड़क पर चेकिंग लगाकर लोगों को रोको टोको अभियान के तहत बातचीत कर उन्हें पहला व दूसरा डोस लगवाने की सलाह दे रहे हैं। जिसमें डीएसपी यातायात अखिलेश तिवारी के साथ सूबेदार अभिनव राय एवं तहसीलदार अभयानंद शर्मा अपनी टीम के साथ जय स्तंभ चौक पर चेकिंग लगाकर बिना मास्क के घूम रहेलोगों को रोको टोको अभियान के तहत कार्यवाही कर रहे हैं एवं लोगों से बातचीत कर उन्हें पहला व दूसरा डोस लगवाने के लिए प्रेरित करते अधिकारी दिखाई दे रहे हैं। बिना मास्क के घूम रहे लोगों पर पुलिस व राजस्व अधिकारी चालानी कार्यवाही भी करते दिखाई दे रहे हैं।

## जैतहरी में बह रही भक्ति की बयार जैतहरी



जैतहरी के वार्ड क्रमांक एक में बीते 16 अगस्त से श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है जहां भक्तगण पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण पान कर रहे हैं वार्ड क्रमांक 1 स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पंडित श्री राम जी महाराज प्रेम मंदिर वृंदावन के द्वारा किया जा रहा हैद्य श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में ओमकार गुप्ता जनार्दन गुप्ता एवं परिवार जनों का प्रमुख योगदान है।

## रेलवे स्टेडियम में खिलाड़ियों को सौगात

# अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक वॉलीबॉल ,बास्केटबॉल कोर्ट





**जबलपुर।** भारतीय रेल ने खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए नयी-नयी उच्च तकनीको का प्रयोग कर एवं सुविधाओं में बढ़ोत्तरी कर खेलकुद के स्तर को बढ़ाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ द्वारा रेलवे स्टेडियम जबलपुर में सिंथेटिक वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण किया गया है। इन दोनों कोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्माण किया गया है। पूरे महाकौशल क्षेत्र में इस स्तर का यह पहला सिंथेटिक वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल कोर्ट पश्चिम मध्य रेल द्वारा निर्माण किया गया है। पमरे में सिंथेटिक वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल कोर्ट बनने से खिलाड़ियों को विशेष प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त करने में आसानी तो होती है बल्कि उनकी तैयारी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की हो जाती है, और हमारे खिलाड़ी भी विदेशी खिलाड़ियों को चुनौती प्रस्तुत कर प्रतियोगताओं को जीत रहे हैं। इसके निम्नलिखित लाभ है। वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल कोर्ट से खिलाड़ियों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा क्योंकि वर्तमान में वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल के सभी प्रमुख खेलकूद प्रतियोगिताएं सिंथेटिक कोर्ट पर ही कराई जाती है। इसके अलावा यह कोर्ट उच्च तकनीकी से बनाया जाता है जिससे खिलाड़ियों के जख्मी होने का खतरा बहुत कम से कम रहता है और खिलाड़ी काफी लंबे समय तक ऐसे कोर्ट में खेल पाते हैं। इस कोर्ट की संरचना में उपयोग की जाने वाली सामग्री अंतरराष्ट्रीय स्तर की गई है, जिससे उससे निर्मित कोर्ट बहुत अच्छी गुणवत्ता के होते हैं। सिंथेटिक वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल कोर्ट की फर्श ऐक्रेलिक कुशन का उपयोग किया जाता है जो कि खिलाड़ियों के लिए काफी सुविधाजनक रहती है। इस कोर्ट के निर्माण के लिए व्यापक प्रकार की तैयारी की जाती है। जिसमें कुल छः लेयर से बनाकर मेन कोर्ट का निर्माण किया जाता है। इसकी सबसे निचली लेयर कॉम्पक्टेड सबग्रेड की होती है। उसके ऊपर दो लेयर कॉम्पक्टेड डब्ल्यूबीएम की निर्माण की जाती है। उसके बाद दो लेयर कॉम्पक्टेड एस्फाल्ट की सतह होती है, और सबसे अंत में लिक्विड एप्लाइड ऐक्रेलिक सरफेश सिस्टम का बना होता है जिससे खिलाड़ियों को खेलने में बाउन्स मिलता है तथा उनके घुटने एवं एड़ी खराब नहीं होते हैं। लिक्विड एप्लाइड ऐक्रेलिक सतह पर अलग-अलग रंगों के पिंगमेंट से कोर्टों की मार्किंग की जाती है। ये दोनों कोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानक फूल साइज़ के रूप में बनाया गया है। जिसमें प्रशिक्षण लेने से खिलाड़ियों को बाहर प्रदर्शन करने में काफी मददगार साबित होगी। पमरे द्वारा ये दोनों अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक कोर्टों के रखरखाव में मानक उच्च तरीकों का पालन किया जा रहा है। इसमें कुछ विशेष पद्धतियों का उपयोग किया जा रहा है। इस कोर्ट पर खेलने के लिए हमेशा नॉन मार्किंग जूतों का उपयोग किया जा रहा है। कोर्ट के धूल की सफाई के लिए मानक ब्लोअर का इस्तेमाल किया जाता है। इन सिंथेटिक कोर्टों से खिलाड़ियों में उमंग और उत्साह का संचार हुआ है। खिलाड़ी दूनी मेहनत से एवं स्फुर्ति से अभ्यास कर रहे है। इसके सुपरिणाम भविष्य में मिलने के लिए सभी उत्सुक हैं।

## पटवारियों ने कुंडम तहसील कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**कुंडम।** जिला जबलपुर के समस्त तहसीलों से आये कुंडम तहसील में धरना प्रदर्शन जारी रहा पटवारियों की अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल आगे जारी रहेगी जब तक मांग पूरी नहीं होगी कुंडम समस्त पटवारियों का कहना है कि आज समय वेतन आहरण विगत माह जुलाई का आज दिनांक 18 2021 तक वेतन आहरण नहीं हुआ है जबकि जबलपुर जिले के अन्य तहसीलों में माह का प्रथम तारीख को वेतन प्राप्त हो जाता है कुंडम तहसील में क्यों नहीं होता (2) समयमान वेतन तहसील कुंडम में लगभग 8 पटवारियों का 2017 से समय मान वेतन नहीं लग रहा है जिससे आर्थिक क्षति हो रही है जिला अध्यक्ष भोपाल में मांगों के संबंध में आपसी सहमति बनाकर बैठक कर रहे हैं अभी तक शासन द्वारा पटवारी संघ की हड़ताल के संदर्भ में कोई भी सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है जिसमें पटवारी संघ में आक्रोश बढ़ता जा रहा है एक ओर तो किसानों के सभी प्रकार के कार्य रुके पड़े हैं लेकिन अभी तक शासन के कानों में तक नहीं आ रही पटवारियों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक की अनिश्चितकालीन हड़ताल चलती रहेगी अगले क्रम में भूख हड़ताल भी की जाएगी हड़ताल की रूपरेखा और भी बढ़ाई जाएगी आज जबलपुर जिले के सभी तहसीलों के पदाधिकारी सभी साथी का धरना प्रदर्शन कुंडम तहसील कार्यालय के समक्ष जारी रहा पटवारियों ने कहा कि यदि दोनों बिंदुओं पर समय सीमा में निराकरण नहीं होता तो हम सभी पटवारी धरना हेतु मजबूर रहेंगे मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने कुंडम एसडीएम जेपी यादव को ज्ञापन सौंपकर कहा इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जागेंद्र पीपरे मुक्ता चोकसे नरेश दुबे अमित कुरारिया अमित त्रिपाठी रोशनी मांझी निरंजन विश्वकर्मा सुनील विश्वकर्मा मनीष श्रीवास्तव प्रभात परोहा अभितेंद्र महोबिया अध्यक्ष संदीप यादव उपाध्यक्ष सुनील सतनामी सचिव संतोष ठाकुर गुरप्रीत कौर कोषाध्यक्ष प्युस विश्वकर्मा नीलेश यादव मदन सिंह परस्ते अजय आर्य मोंटी साहू बृजेश पटेल अरुण सिंह निधि कुलस्ते रूपेश जैन संतोष ठाकुर सहित कुंडम तहसील के समस्त पटवारी एवं जिला जबलपुर के समस्त तहसील से आए पटवारी लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 3 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी संघ धरने पर बैठा,विधायक ने दिया समर्थन

**अनूपपुर।** प्रांतीय पटवारी संघ के आवाहन पर तहसील पुष्पराजगढ़ में 120 हल्का के 78 पटवारी तहसील परिसर राजेंद्रग्राम के सामने हड़ताल पर बैठे हुए हैं । यह हड़ताल 10 अगस्त से प्रारंभ की गई है हड़ताल पर बैठे तहसील इकाई पुष्पराजगढ़ पटवारी संघ के अध्यक्ष शेष नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हड़ताल का आज नौवां दिन है अभी तक कोई भी जवाब देंय अमला मिलने नहीं आया पटवारी संघ की तीन प्रमुख मांगे हैं जिसमें पटवारी संवर्ग का ग्रेड पे 2800 किया जाए , पटवारियों का स्थानांतरण गृह जिले में किया जाए, सीपीटीसी की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए इन तीनों मांगों के पूरा होने तक पटवारी संघ के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। **विधायक को दिया ज्ञापन** दिनांक 18 8 2021 को कांग्रेस विधायक फुनदे लाल सिंह मार्को तहसील प्रांगण में जाकर धरने पर बैठे पटवारियों का समर्थन किया एवं उनके साथ ही धरने पर बैठ गए उक्त अवसर पर पटवारी संघ की तहसील इकाई द्वारा विधायक को 3 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया विधायक ने अस्वस्थ करते हुए कहा कि आपकी मांगों को मैं भोपाल जाकर विधान सभा पटल पर रखूंगा।

## बसंतपुर शनिचरी बाजार दफाई में सट्टा जोरों पर

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के चचाई थाना अंतर्गत बसंतपुर शनिचरी बाजार दफाई अमलाई में ओपन क्लोज का धंधा जोरों पर चल रहा है किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा कथित सटोरियों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण सट्टा खेलने वाले और खिलाने वालों के हौसले बुलंद हैंद्य बताया जाता है कि अमलाई स्थित बसंतपुर एवं शनिचरी बाजार दफाई में सुबह से लेकर शाम तक सट्टे का नंबर लगाने वाले लोगों की भीड़ सट्टे के अड्डे पर देखी जा सकती है, बताया जाता है कि बीट प्रभारियों को जानकारी भी है कि दोनों मोहल्लों में सट्टे का खेल किन लोगों द्वारा खिलाया जा रहा है और किन लोगों द्वारा सट्टे की बुकिंग की जा रही है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं किया जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र में अशांति का माहौल भी दिख रहा है और लोगों के घरों में प्रतिदिन कलह की स्थिति बनती रहती हैद्य उक्त मोहल्लों में गरीब व्यक्ति एवं रोज खाने कमाने वाले लोग भी रहते हैं और ऐसे लोग दैनिक मजदूरी पाने के बाद अपनी मजदूरी सट्टा खेलने में ही लगा देते हैं ।

## तीसरी लहर से बचायेंगे स्वस्थ स्वयं सेवक :मरावी

**रूकमणी में कार्यशाला आयोजित**



**सिहोरा।** कोरोना की तीसरी लहर आने की चहुंओर चर्चा के बीच इससे आमजन को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश स्तर पर सेवा ही संगठन 2.0 के अर्तगत बूथ स्तर पर कमेटियां गठित कर सबको दायित्व भी सौप दिए है । इसके तहत मंगलवार को बूथ समितियों की कार्यशाला का आयोजन रूकमणी पैलेस में किया गया जिसको सम्बोधित करते हुए विधायक नंदनी मरावी ने कहा की भाजपा के सभी नवनियुक्त स्वस्थ्य स्वंय सेवक जिसमे नगर के 37 बूथ पर चार चार स्वस्थ स्वयं सेवक जिनमें प्रत्येक बूथ पर दो पुरूष, एक महिला एंव डाक्टर अपने दायित्व का निर्वोंहन करके सभी को संभावित तीसरी लहर से बचाने में मदद करेगे। नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा के संयोजन में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,महामंत्री राजेश दाहिया ,अनुपम सराफ,विनय जैन,शिशिर पांडे,प्रशांत परौहा, सूर्यकांत पांडे,रोहित यादव , साकेत पांडे, अर्चना जैन,कृष्णा सरावगी, निशा जैन,सुशीला शुक्ला, अशोक चौधरी,अनिकेत तिवारी, पप्पू सेन,सुप्पी बर्मन,संदेश विश्वकर्मा, जितेंद्र पटेल ,अभिषेक जैन,अन्नू साहू,जयप्रकाश ठाकुर, सरोज तिवारी ,भारती गोटिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नपा.अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे ने किया भूमिपूजन



**शहडोल।** नगर विकास की ओर अग्रसर नगरपालिका परिषद शहडोल की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे द्वारा नगर के पाण्डवनगर स्थित वार्ड नं 08 में उर्मिला गुप्ता के घर के पास सीसी नाली निर्माण लागत ङ्क 6.50 लाख का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष कुलदीप निगम सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमित कुमार तिवारी, पार्षद गोविंद सिंह परिहार, प्रभात पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह (जित्तू) शक्ति लक्षकार, संतोष लोहानी, महेश भागदेव, उपयंत्री देवकुमार गुप्ता सहित बडी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## डीजल पेट्रोल की महंगाई को लेकर ट्रक ओनर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

अनूपपुर। कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहन मालिकों ने जगह जगह अवैध वसूली एवं लगातार डीजल के दामों में हो रही बढ़ोतरी पर यूनियन के सभी सदस्यों ने चिंता जाहिर की..!देश प्रदेश में लगातार पेट्रोलियम पदार्थो की कीमत में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी से महंगाई आसमान छू रही है,डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के कारण आज ट्रांसपोर्टिंग के द्वारा आ रही सामग्रियां भी दिनों दिन महंगी होती चली जा रही है।ऐसा नहीं है कि इसका असर आम जनता के अलावा किसी क्षेत्र में नहीं पड़ा,डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के कारण ट्रांसपोर्टिंग के क्षेत्र में वाहन मालिकों की आज कमर तोड कर रख दी है। कोयलांचल क्षेत्र के कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहनों के मालिकों ने बढ़ते डीजल के दामों को लेकर चिंता जाहिर की है,ट्रांसपोर्टर वाहन मालिकों की प्रतिदिन स्थिति सुधरने की बजाय बिगड़ती ही चली जा रही है। यहां तक की वाहन मालिक अपनी वाहन की मासिक किस्त भी चुका नही पा रहे हैं और कुछ तो कर्जा लेकर अपने अपने वाहनों की किस्त जमा करने को मजबूर हैं। जिले के कोयलांचल क्षेत्र के कोयला ट्रांसपोर्ट वाहन मालिकों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। क्षेत्रीय ट्रक ओनर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अनूपपुर जिले के अध्यक्ष रामजी रिंकू मिश्रा की अध्यक्षता एवम यूनियन के जिला महामंत्री अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह के मार्गदर्शन में बिजुरी स्थित होटल अतुल्यम में 15 अगस्त की शाम बैठक संपन्न हुई।क्षेत्रीय ट्रक ओनर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों एवम वाहन मालिकों ने अपने अपने विचार और समस्याओं को परिवहन विभाग के अधिकारियों के समक्ष व्यक्त किया और कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहन मालिकों से जगह जगह हो रही अवैध वसूली को परिवहन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया,मनमानी व अवैध वसूली से ट्रक मालिकों पर दोहरी मार पड़ रही है जो चिंता का विषय है। क्षेत्रीय ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राम जी रिंकू मिश्रा ने कहा कि कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहन मालिकों से अवैध वसूली यदि नहीं रोकी गई तो हम शासन प्रशासन को पत्र लिखकर अवगत कराएंगे यदि समय रहते पत्र पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया गया तो क्षेत्रीय ट्रक ओनर्स एसोसिएशन आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेगा।डीजल की बढ़ती महंगाई पहले से ही कोयला ट्रांसपोर्ट मालिकों के लिए सिरदर्द बनी हुई है,ऊपर से ट्रक मालिकों से हो रही अवैध वसूली को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। ट्रक मालिकों के हक के लिए हमें जो भी कदम उठाना पड़े हम उनके हक के लिए लड़ेंगे।अशोक त्रिपाठी,आधाराम वैश्य, चिकवा,ि?ला परिवहन अधिकारी अनिमेष सिंह,दीपक गुप्ता ,मुकेश सिंह,रामजी रिंकू मिश्रा,अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह,रावेन्द्र द्विवेदी,गिरीश शुक्ला ( गौटिया जी),संजू मिश्रा,अजीत राय,रामजी जायसवाल,मुकेश राठौर, उमेश सिंह, बृजेश सिंह,बलदेव सिंह, विक्रम सिंह गहरवार, मुकेश राय,नसीम सिद्दीकी,मिथलेश पाण्डेय,अभिनेश सिंह,अशोक गुप्ता,रामावतार गुप्ता,सुनील मिश्रा,अखिलेश जायसवाल,शिवमूरत शर्मा, रविंदर यादव,अजय जायसवाल,बल्लू भाई, पिंटू रैना, अंकुर केशरी, अनिल केसरवानी,निर्माण जायसवाल, लालजी पटेल, अशोक कुशवाहा, सोनू सिंह,मो. शाहिद ,चन्द्रकान्त शर्मा,सूर्यकान् शर्मा, अन्जेश शुक्ला,राका, जे .एस राव,विवेकानंद शर्मा ,मो. इर?ान,रामभुवन द्विवेदीआदि ट्रान्सपोर्टर उपस्तिथ रहे।

## खोंगसरा पोस्टिंग का रंनिग स्टाफ ने परिवार सहित एक दिवसीय धरना देकर जताया विरोध

**शहडोल.** बिलासपुर मुख्यालय द्वारा शहडोल से 7 रनिंग स्टाफ की खोंगसरा पोस्टिंक की गई है। जिसे लेकर मंगलवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले शहडोल क्रू मुख्यालय के सामने परिवार सहित एक दिवसीय धरना देकर विरोध जताया। रनिंग स्टाफ का कहना है कि भारतीय रेल में लोको पायलट का काम संरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना गया है। जिसे देखते हुए हाई पावर कमेटी द्वारा लोको रनिंग स्टाफ की मूलभूत आवश्यकताओं और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के स्पष्ट निर्देश है। इसके बाद भी बिलासपुर मण्डल रेल प्रशासन द्वारा शहडोल से 7 रनिंग स्टाफ का बिना मूलभूत सुविधा वाले अति पिछड़ा एवं वन क्षेत्र खोंगसरा व लजकुरा में पोस्टिंग कर दी गई है। जहां न तो स्टाफ व परिवार के रहने के लिए निजी या रेलवे आवास हैं न चिकित्सालय एवं विद्यालय ऐसे में उन्हे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## बंदर डायमंड परियोजना भूजल पुनर्भरण के लिए जल संचयन संरचना विकसित करेगी

**एजेंसी।** बंदर डायमंड परियोजना पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्यावरण पर्यन्त तरीके से काम करेगा तथा देश में संतुलित विकास का रोल मॉडल बनेगा। परियोजना भूजल पुनर्भरण के लिए जल संचयन संरचना विकसित करेगी। पानी की जरुरत खनन पट्टा क्षेत्र में ही बहने वाले एक मौसमी नाले पर एक छोटा सा बांधए जो वास्तव में एक जल संचयन संरचना होगीए बनाकर एक जल भण्डारण जलाशय के निर्माण से किया जायेगा। यही नहींए वर्षा जल संचयन संरचना बनाकर मौसमी नाले से सतही अपवाह वर्षा जल का इस्तेमाल करके पानी की आवश्यकता को पूरा किया जाएगाए जो अन्यथा मुख्य चैनलों में बह जाता है। लगभग 80.85ः पानी का पुनर्चक्रण और पुनरू उपयोग किया जायेगा।यह बात ध्यान देने की है की परियोजना केवल उतनी ही पानी का इस्तेमाल करेगी जितनी की जरुरत है। साथ ही पर्यावरण का ख्याल रखते हुये शौचालयों से जो घरेलू अपशिष्ट जल उत्पन्न होता है उसे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट का उपयोग ग्रीनबेल्ट विकास के लिए किया जाएगा। इस प्रकार पानी का रीसायकल कर फ्रि से उपयोगी इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस जल भंडारण जलाशय एवं पुनर्चक्रण और पुनरू उपयोग से बंदर डायमंड परियोजना की पानी की अधिकांश आवश्यकता को पूरा किया जाएगा। बंदर डायमंड परियोजना जीरो डिस्चार्ज अवधारणा पर काम करेगी जिसके तहत कोई तरल प्रवाह जमीन पर नहीं छोड़ा जाएगा। यानी की लीज क्षेत्र के अंदर या बाहर भूजल या सतही जल पाठ्यक्रमों में कोई तरल प्रवाह नहीं छोड़ा जाएगा जिससे पानी की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव परिकल्पित नहीं है।

## अपने राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के हिस्से के रूप में जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने मध्य प्रदेश के बाजार में ली एंट्री



**जबलपुर ।** भारत की पर्यावरण.अनुकूल पेंट बनाने वाली कंपनी और 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर के जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने मध्य प्रदेश के बाजार में प्रवेश किया है। 2019 में लॉन्च किए गएए जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने दक्षिण और पश्चिम के बाजारों में पहले ही मजबूत उपस्थिति दर्ज करा ली है। अब एक पैन.इंडिया प्लेयर बनने के लिए यह उत्तरए मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में अपने ऑपरेशन को बढ़ा रहा है। मध्य प्रदेश में इसकी एंट्री इसी राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार का हिस्सा है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने भोपालए इंदौर और जबलपुर में 1808 रंगों वाले पेंट्स के अपने ऑल वाटर.बेस्ड पोर्टफोलियो को रोल आउट करना शुरू कर दिया है। कंपनी का लक्ष्य मार्च 2022 तक मध्य प्रदेश के सभी स्थानीय बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित करना है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स की उत्तरए मध्य और पूर्वी रीजन में अपने ऑपरेशन को बढ़ाने के लिए 750 करोड़ रुपये के निवेश की योजना है। इन निवेशों का इस्तेमाल मध्य प्रदेश और अन्य नए बाजारों के ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिएए मौजूदा पेंट.मैन्यूफैक्चरिंग कैपिसिटीज का विस्तार करने के साथ.साथ अन्य मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूटिंग पहलों में लिए किया जाएगा।मध्य प्रदेश में अपनी एंट्री के बारे में बताते हुएए जेएसडब्ल्यू पेंट्स के मार्केटिंग की वाइस प्रेसिडेंटए सुश्री अनुराधा बोस कहाए श्हमें इस खूबसूरत राज्य के बाजार में प्रवेश के हिस्से के रूप में मध्य प्रदेश के हर घर कोए कोई भी रंग. कीमत एक का लाभ का ऑफ्र देते हुए खुशी हो रही है। भारत में पहली बारए हमारे ग्राहकए यहां अपने घर के लिए रंग चुनते समय मूल्य निर्धारण पारदर्शिता का लाभ उठाएंगे।

# बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण



**एजेंसी।** आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड (एम पी बिरला ग्रुप) हमेशा से ही सामाजिक सरोकार में अपनी भूमिका निभाता रहा है जिसमें ग्रामीणों के व्यक्तिगत कौशल विकास के साथ एक सशक्त सुदृढ़ समाज की परिकल्पना करता है।स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविकोपार्जन, आधारभूत संरचना का विकास, महिला सशक्तिकरण आदि मुद्दों पर अपनी भूमिका सुनिश्चित की है।आरसीसीपीएल संयंत्र व खदान के आस पास के ग्रामीण अंचल के 14 ग्रामों में सामाजिक विकास के कार्य विगत कई वर्षों से संचालित हैं।ऐसी तारतम्य में अपने विकास के क्षेत्र को आगे बढ़ाते हुए सतना तहसील के रघुराजपुर की पंचायत बचवई के ग्राम रेवरा फार्म के शासकीय प्राथमिक शाला में 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम समारोह आयोजन किया गया, शाला में अध्ययनरत 65 बच्चों को स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया साथ ही शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।शाला में पेय जल व्यवस्था हेतु सबमर्सिबल पम्प के साथ पेय जल व शौचालय में पानी पहुँचाने की पूरी व्यवस्था की गई है। रेवरा फार्म की आंगनवाड़ी केंद्र में शौचालय का नवीनीकरण किया गया।कार्यक्रम में बचवई ग्राम के सरपंच श्री अनिरुद्ध प्रताप सिंह, संकुल प्राचार्य श्री राजेश पयासी, शाला प्रधान पाठक श्री शैलेन्द्र तिवारी के कर कमलों द्वारा पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर ग्राम की रीना, रेशमा, काजल, खुशी, अंजलि, कविता, नेहा, ललिता, सुधा, अंकिता के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक श्री शैलेन्द्र तिवारी, शिक्षिका श्रीमती मीना मिश्रा, श्रीमती संध्या खरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती राजकुमारी अहिरवार व सहायिका श्रीमती जानकी बाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**सूचना**

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# BCCI ने बढ़ाई IPL टीमों की टेंशन

## 20 अगस्त रखी है डेडलाइन





नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 14वें सीजन के बाकी बचे मैच संयुक्त अरब अमीरात (৳श्व) में 19 सितंबर से होने हैं, लेकिन आइपीएल 2021 के दूसरे चरण से पहले टूर्नामेंट की आठ फ्रेंचाइजियों ने खुद को थोड़ा मुश्किल में पाया है। दरअसल, इसके पीछे का कारण है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ ने आठ टीमों के लिए अपनी अंतिम टीम जमा करने के डेडलाइन जारी कर दी है। बीसीसीआइ ने आइपीएल 2021 की सभी आठ टीमों के लिए लिए 20 अगस्त की समय सीमा तय की है कि उनको अपने दल की लिस्ट जमा करने होगी। कुछ फ्रेंचाइजी आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाड़ियों को सितंबर-अक्टूबर में होने वाली इस कैश-रिच टी20 लीग में अपनी भागीदारी के लिए मंजूरी देने का इंतजार कर रही हैं। हालांकि, इससे पहले सीए और ईसीबी ने कहा था कि यह खिलाड़ियों पर निर्भर करता है कि वे आइपीएल में हिस्सा लेना चाहते हैं या नहीं। एक फ्रेंचाइजी के अधिकारी ने इनसाइडस्पोर्ट से बात करते हुए कहा, हमें 20 अगस्त तक टीम भेजनी है, लेकिन मैं पुष्टि नहीं कर सकता कि सभी विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगे या नहीं। हम अभी भी कुछ खिलाड़ियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। अच्छी बात यह है कि टी20 विश्व कप यूएई में होगा और इससे हमें विश्वास है कि सभी खिलाड़ी उपलब्ध होंगे, लेकिन हम अभी भी कुछ खिलाड़ियों की अंतिम पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। आस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान हो गया है चेन्नई सुपर किंग्स एकमात्र ऐसी टीम है, जिसके पास अपनी पूरी टीम है। राजस्थान रायल्स की टीम मुश्किल में है, क्योंकि लीग में जोफ्रा आर्चर के बाद जोस बटलर और बेन स्टोक्स की भागीदारी अभी भी संदेह के घेरे में है। इंग्लैंड का इस साल व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है। टी20 विश्व कप के बाद, वे एशेज के लिए आस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे और उसके बाद वेस्टइंडीज का दौरा करेंगे। ऐसे में खिलाड़ी आराम ले सकते हैं या फिर बोर्ड भी उन्हें आराम दे सकता है। एक अन्य फ्रेंचाइजी के अधिकारी ने कहा, ÷हां, आधिकारिक तौर पर जवाब देने में बीसीसीआइ की देरी ने अंतिम समय में परेशानी में एक भूमिका निभाई। हम खबरों में खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में सुनते रहे हैं, लेकिन बीसीसीआइ ने आधिकारिक तौर पर अगस्त में ही इसकी पुष्टि की है। इसलिए हमारे लिए 20 अगस्त की डेडलाइन थोड़ी जल्दी है, लेकिन अगर यह आदर्श है, तो हम उसका पालन करेंगे।



## कप्तानी को लेकर अभी नहीं हुआ कोई फैसला



### दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यूएई होगी रवाना

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें संस्करण (ढ्ढक्क14) के दूसरे चरण के लिए संयुक्त अरब अमीरात (৳श्व) रवाना होगी। स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पहले से ही फिटनेस कोच के साथ यूएई में हैं और कुछ खिलाड़ी अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के समापन के बाद टीम के साथ जुड़ेंगे। बता दें कि चोटिल होने के कारण अय्यर पहले चरण में नहीं खेल पाए थे। उनके अनुपस्थिति में रिषभ पंत टीम की कप्तानी कर रहे थे। ऐसे में अब दोनों में कौन कप्तानी करेगा इस पर फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है। फ्रेंचाइजी ने इसकी जानकारी दी है। दिल्ली कैपिटल्स के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएनआइ से कहा, %दिल्ली कैपिटल्स आइपीएल 2021 के लिए शनिवार को सुबह में यूएई के लिए रवाना होगी। टीम घरेलू खिलाड़ियों और अधिकारियों के साथ दिल्ली से रवाना होगी। घरेलू खिलाड़ी पहले से ही राष्ट्रीय राजधानी में क्वारंटाइन में हैं और फिर वे एक हफ्ते के लिए यूएई में क्वारंटाइन होंगे। इसके बाद इनका कैंप शुरू होगा। अधिकारी ने कहा, श्रेयस अय्यर पहले से ही फिटनेस कोच के साथ संयुक्त अरब अमीरात में हैं और भारत, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बाकी खिलाड़ी अपने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता पूरी करके टीम से जुड़ जाएंगे। पंत या अय्यर में से कप्तान कौन होगा यह अभी भी तय नहीं है। टीम प्रबंधन ने अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स (ष्टस्य्) की टीम आइपीएल 2021 के लिए यूएई पहुंच चुकी हैं। टूर्नामेंट के 14वें सीजन को इस साल मई में कोरोना महामारी के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया था। तब तक 29 मैच खेले जा चुके थेष। यह अब 19 सितंबर को दुबई में चेन्नई और मुंबई के बीच मैच के साथ फिर से शुरू होगा। कुल 13 मैच दुबई में, 10 शारजाह में और 8 अबू धाबी में होंगे। फाइनल मुकाबला 15 अक्टूबर को होगा।

# भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए थोक में बदलाव चाहते हैं पूर्व कप्तान

लंदन, । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने अपनी टीम को एक जबरदस्त सलाह भारत के खिलाफ होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले दी है, लेकिन उनकी सलाह में से सिर्फ एक ही विकल्प को चुना गया है। पीटरसन ने घरेलू टीम प्रबंधन से अंतिम एकादश में बड़े पैमाने पर बदलाव करने को कहा है। लार्डस टेस्ट के पांचवें दो ही सत्रों में इंग्लैंड की पूरी टीम ढेर हो गई थी और इस तरह इंग्लैंड सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई। केविन पीटरसन ने बुधवार को अपने ब्लाग में लिखा, मैं तीसरे टेस्ट के लिए बड़े पैमाने पर बदलाव की वकालत करता हूं। वे लार्डस में पांचवें दिन की तरह बल्लेबाजी करने वाले लाइन-अप से बदतर नहीं हो सकते हैं, जो पूरी तरह से नाकाम रहे। पीटरसन ने ये भी बताया है कि वे किन खिलाड़ियों को तीसरे टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन में चाहते हैं। हालांकि, जिन विकल्पों के बारे में पीटरसन ने बात की है, उनमें से सिर्फ एक ही खिलाड़ी को टीम में चुना गया है। पीटरसन ने इंग्लिश टॉप आर्डर का मजाक उड़ाते हुए कहा, 卐मैं इस समय शीर्ष तीन को गेंदबाजी करा सकता हूं और बहुत कम दबाव में आ सकता हूं, जबकि मेरी उम्र 41 साल है। भारत का कोई भी गेंदबाज वास्तव में किसी भी नुकसान के बारे में चिंतित नहीं है।卐 दरअसल, पीटरसन चाहते हैं कि इंग्लिश टीम प्रबंधन डाविड मलान, लियाम लिविंगस्टोन और हैरी ब्रुक के साथ खेले, जो सभी सीमित ओवरों के विशेषज्ञ हैं और वे बड़ा फर्क डाल सकते हैं। उधर, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने पहले ही तीसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है और तीन में से केवल एक बल्लेबाड डाविड मलान को ही टीम में शामिल किया है। हालांकि, डाविड मलान के टेस्ट करियर की बात करें तो ये सुनहरा नहीं रहा है, लेकिन वे सीमित ओवरों की क्रिकेट में टॉप क्लास बैट्समैन रहे हैं और इसी वजह से उनको टेस्ट टीम में जगह दी गई है। तीसरा टेस्ट मैच भारत और इंग्लैंड के बीच 25 अगस्त से होने वाला है।



# ट्विंकल खन्ना ने किया अक्षय कुमार की बेलबॉटम का रिव्यू



नई दिल्ली। सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म बेलबॉटम 19 अगस्त यानि इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। उनकी पत्नी, एक्ट्रेस से राटर बनी ट्विंकल खन्ना ने इस फिल्म के पर्दे पर आने से पहले ही रिव्यू दे दिया है। ट्विंकल खन्ना ने कहा है कि अक्षय कुमार की बेलबॉटम एक मस्ट वॉच फिल्म है। ट्विंकल ने इंस्टाग्राम पर लंदन में फिल्म प्रीमियर पर जाने से पहले का एक फोटो शेयर कर अपनी बात कही। तस्वीर के साथ कैप्शन में ट्विंकल ने लिखा, ऐसा लगता है कि पार्क में टहलना है, लेकिन हम वास्तव में कुछ और बेहतर करने जा रहे हैं, मिस्टर के की शानदार फिल्म-बेलबॉटम ! ऌमस्टवॉच की स्क्रीनिंग। पत्नी के ये पोस्ट देख अक्षय कुमार खुशी से झूम उठे और कमेंट सेक्शन में जाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। अक्षय ने कमेंट में लिखा, ऐसा लग रहा है कि पार्क में टहल रहे हैं वो फिल्म ऌबेलबॉटम को ऌमस्टवॉच मानती हैं, मुझे नहीं। और चीभ चिढ़ाती हुई एक इमोजी भी पोस्ट की। अक्षय के इस कमेंट को फैन्स ने खूब लाइक किया। बता दें कि बेलबॉटम कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली बॉलीवुड की पहली बड़ी फिल्मों में से एक है। हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस के साथ इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने बॉक्स ऑफिस को लेकर प्रेशर की बात मानी थी। अक्षय ने कहा कि दबाव यह है कि महाराष्ट्र अभी भी बंद है और 30 प्रतिशत पैसा महाराष्ट्र से आता है। और क्योंकि केवल 50 प्रतिशत लोगों को ही सिनेमा घरों में अनुमति है। ऐसे में 70 प्रतिशत का आधा हिस्सा भी चला गया। लेकिन फिर भी हमें जोखिम लेना होगा। मैंने अपनी फिंगर क्रॉस की हुईं हैं। बेलबॉटम में अक्षय के अलावा वाणी कपूर, लारा दत्ता और हुमा कुरैशी भी हैं। 1980 के दशक पर आधारित, फिल्म एक रॉ एजेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक हाइजैक हो चुके भारतीय विमान से बंधकों को बचाने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। जहां लारा पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती हैं, जो उस समय सत्ता में थीं, वाणी फिल्म में अक्षय की पत्नी की भूमिका निभा रही है।

# कंगना रनोट ने कहा : ब्लॉकबस्टर



नई दिल्ली। अक्षय कुमार की फ़िल्म बेलबॉटम आज (19 अगस्त) सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गयी है। फ़िल्म इंडस्ट्री के लिए यह एक बड़ा दिन है, क्योंकि लम्बे इंतज़ार के बाद सिनेमाघर खुले हैं और फ़िल्मों के थिएटर्स में रिलीज़ होने का सिलसिला शुरू हुआ है। इसके लिए इंडस्ट्री में अक्षय कुमार और बेलबॉटम के निर्माताओं को भी सराहा जा रहा है, जिन्होंने सारे जोख़िम को समझते हुए फ़िल्म को सिनेमाघरों में रिलीज़ करने का फ़ैसला किया। अक्षय की इस हिम्मत के लिए अजय देवगन ने उनकी पीठ ठोकी है। अजय ने गुरुवार को ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा- प्यारे अक्की, मैं बेलबॉटम के अच्छे रिव्यूज़ के बारे में सुन रहा हूं। साथ ही, इसे सिनेमाघरों में रिलीज़ करने के लिए तुमने जो भरोसा दिखाया है, वो प्रशंसनीय है। अजय की शुभकामनाओं का जवाब देते हुए अक्षय ने लिखा- बहुत शुक्रिया भाई। यह बहुत मायने रखता है। दुआ करता हूं कि जल्द महाराष्ट्र में भी सिनेमाघर खुल जाएं और तुम भी देख सको। तुम्हारी राय जानना चाहता हूं। अजय और अक्षय की जोड़ी बड़े पर्दे पर नज़र आती रही है और अब अक्षय कुमार की सूर्यवंशी में अजय अपने सिंघम वाले अवतार में नज़र आएंगे। कंगना रनोट ने भी अक्षय को बेलबॉटम के लिए शुभकामनाएं देते हुए सिनेमाघरों में फ़िल्म रिलीज़ करने के लिए उनकी तारीफ़ की। कंगना ने इंस्टा स्टोरी में लिखा- सिनेमाघरों में आज ब्लॉकबस्टर बेलबॉटम देखिए। पूरी टीम को पहला क़दम उठान के लिए शुक्रिया। आप पहले ही विजेता बन चुके हो। बता दें, कंगना की थलाइवी भी रिलीज़ के लिए तैयार है और इसकी रिलीज़ एक बार स्थगित हो चुकी है।

# फैक्ट्रियों के स्वास्थ्य केंद्र अब ईएसआईसी के हवाले

## बीमा मुख्यालय नई दिल्ली और ओएफबी के निर्देश




**जबलपुर यशभारत।** आयुध फैक्ट्रियों के निगमीकरण के बाद अब आयुध फैक्ट्रियों के अस्पताल और डिस्पेंसरी कर्मचारी राज्य बीमा निगम को सौंपे जाने का निर्णय लिया जा चुका है।इसे शीघ्र हस्तांतरित करने के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम मुख्यालय नई दिल्ली ने11अगस्त को अपने सभी क्षेत्रीय निदेशकों को टीम गठित कर अस्पतालों का दौरा कर प्रतिवेदन आवश्यक रूप में देने का निर्देश दिया है।इसी आशय का पत्र बुधवार 18 अगस्त 2021 को सभी आयुध निर्माणियों के महाप्रबंधकों को जारी किए जा चुके हैं। बीमा मुख्यालय से जारी पत्र में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा है आयुध फैक्ट्रियों के अस्पतालों और डिस्पेंसरियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत टेक ओवर किया जाना है इसलिए सभी क्षेत्रीय निदेशक और चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिये गए हैं कि फैक्ट्रियों के समीप के क्षेत्रीय कार्यालय के निदेशक या चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर संबंधित अस्पतालों के सीएम ओ और अन्य सदस्यों के साथ सभी ढांचा डाक्टरों स्टाफ और अन्य सुविधाओं साधनों की रिपोर्ट बनाकर भेजे ताकि कर्मचारियों के इलाज की सुविधा का सरलीकरण किया जा सके। उक्त पत्र आने के बाद एक बार फिर सुरक्षा कर्मचारियों मे अनिश्चितता और हड़कंप की स्थिति बन गई है।ज्ञात हो कि पूर्व में भी जब राज्य कर्मचारी बीमा निगम की टीम ने अस्पतालों का निरीक्षण किया था तब उन्हें कर्मचारियों के आक्रोश का सामना करना पड़ा था और टीम बगैर निरीक्षण के निर्माणी अस्पतालों के बाहर से ही चली गयी थी।



## जिम्मेदारों ने ली सुध
# अब नहर की रोड पर लगाये क्रॉस बेरियर

खबर का असर

**बरगी, यशभारत।** यश भारत द्वारा प्रमुखता से उठाए गए मुद्दों की खबर का असर हुआ है। जिसके चलते नहर की सकरी रोड पर दौड़ रहे वाहन को प्रशासन द्वारा गंभीरता से लेते हुए नहर पर क्रॉस बेरियर लगाए गए है जिससे बड़े वाहनों को इस रोड से निकलने से रोका जा सके। ज्ञात हो कि इस मुद्दे को यश भारत ने प्रमुखता से उठाते हुए अपने अंक में प्रकाशित किया था कि नहरों पर सरपट दौड़ रहे वाहनों से दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता था। पूर्व में सतना में भी एक बस नहर में जा गिरी थी। जिसमें लगभग 50 लोगो की जान गई थी। इसी को लेकर प्रशासन द्वारा गंभीरता दिखाते हुए सिंचाई विभाग द्वारा नहर पर बड़े वाहनों की आबा-जाहि रोकने क्रोस बेरियर का निर्माण कराया गया है। पूर्व में भी कुछ दिन पहले विभाग द्वारा निर्माण कराया गया था, परंतु कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इसे एक ही दिन में तोड़ दिया गया था । स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा पुनः इसका निर्माण कराया गया, जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# ग्वारीघाट, मदनमहल, कैंट और हनुमानताल में बाइक चोर धराए

## एक साथी रखता था नजर, दूसरा पल भर में तोड़ देता था गाड़ी के लॉक


जानकारी देते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित केसवानी



## 4 थाना क्षेत्रों से उड़ाए थे 3 लाख 50 हजार रुपए के वाहन

**जबलपुर, यशभारत।** बेलबाग पुलिस ने 2 शातिर चोरों से 3 लाख 50 हजार रुपए के 7 दो पहिया वाहन जब्त किए हैं। दोनों शातिर चोर योजना के तहत वारदात को अंजाम देते थे। एक साथी घटना स्थल के आसपास नजर रखता था तो दूसरा मिनटों में बाइक के लॉक तोड़कर फरार हो जाता था। दोनों चोरों ने हनुमानताल, कैंट, मदनमहल और ग्वारीघाट थाना क्षेत्रों से बाइक चुराई हैं। बेलबाग थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शातिर चोर अंकित जैन निवासी बकरा मार्के ट और मनीष पटैल निवासी ब्यौहार बाग लंबे समय से वाहनों की चोरी कर गायब हो जाते थे। शहर के ग्वारीघाट, मदनमहल, कैंट और हनुमानताल में लंबे समय से दो पहिया वाहनों के गायब होने के बाद पुलिस लगातार आरोपियों का पीछा करती रही। जिसके चलते पुलिस लगातार मुखबिर तंत्र को अलर्ट करती रही। अंकित जैन ने बताई पूरी कहानी पुलिस ने बताया कि मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने टीम गठित कर अंकित जैन को उठाया। लेकिन उसने कुछ नहीं बताया, लेकिन जैसे ही पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की युवक टूट गया और उसने वाहन चुराने की बात कुबूल की। इतना ही नहीं उसी ने पुलिस को शातिर चोर मनीष पटैल का नाम बताया। जिसके बाद पुलिस ने जैसे ही मनीष पटैल को दबोचा, दोनों युवकों ने शहर के ग्वारीघाट थाना क्षेत्र से 4, मदनमहल से 1, केंट थाना क्षेत्र से 1 व हनुमानताल थाना क्षेत्र के 1 वाहन, कुल 7 वाहनों की चोरी स्वीकारी। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने सभी चुराए गए वाहनों की बरामदी कर, जब्त कर लिए। जिनके मालिकों से संपर्क किया जा रहा है।

# डीईओ कार्यालय का पूरा स्टाफ गायब



**जबलपुर।** शिक्षा विभाग का प्रमुख जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का 90 प्रतिशत स्टाफ गायब था। दोपहर 1 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के चेम्बर में ताला लटका हुआ था। दूसरी योजनाओं से लेकर , आरटीई का कामकाज देखने वाले अधिकारी भी कुर्सी से नदारत थे। कार्यालय के ऊपर फ्लोर में सिर्फ सीएम हेल्पलाइन के कमरे में दो अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान कार्यालय में उपस्थित कुछ अधिकारियों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी सहित कुछ स्टाफ भोपाल गए हुए हैं जहां किसी अधिकारी के पिता का त्रियोदशी कार्यक्रम है। इसकी जानकारी जब संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग राममोहन तिवारी और जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी से लेनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। रोजाना यही हाल रहते है कार्यालय के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का स्टाफ कभी समय पर नहीं पहुंचता है, कार्यालय पहुंचने का समय सुबह 11 बजे का है लेकिन 1 बजे तक स्टाफ नहीं पहुंचता है। रोजाना कार्यालय में बंद जैसे हालात रहते हैं। खुद जिला शिक्षा अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते हैं।

**भोपाल में एक अफसर पिता के त्रयोदशी कार्यक्रम शामिल होने पहुंचे**

### कुर्सियां खाली चलते नजर आए पंखे

डीईओ कार्यालय के कमरों में अधिकारियों की कुर्सी खाली थी परंतु पंखें विधिवत रूप से चल रहे थे। कम्प्यूटर बंद थे लेकिन साफ-सफाई पूरी तरह से नजर आई।

## दिव्यांग प्रमाण-पत्र के लिए पैसे की मांग की ,मजिस्ट्रियल जांच

जबलपुर। सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर पैसे की मांग किये जाने के मामले में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कर्मवीर शर्मा ने मजिस्ट्रियल जांच संस्थित की है। जांच के तहत जानकार व्यक्तियों से जांच अधिकारी-एसडीएम रांझी के द्वारा साक्ष्य आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना हो, या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कुछ कथन करना चाहते हैं तो वे 28 अगस्त को एसडीएम रांझी कलेक्ट्रेट कार्यालय के कमरा नंबर 22 में उपस्थित होकर मजिस्ट्रेट रांझी एवं डिप्टी कलेक्टर मेघा पवार के सामने अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

## पनागर थाने के सामने सड़क हादसा
# बाइक की टक्कर से पीएचई कर्मी की मौत





**जबलपुर, यशभारत।** पीएचई विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी की मौत अज्ञात बाइक की टक्कर से हो गयी। कर्मचारी के साथ यह हादसा तब हुआ जब वह ड्यूटी कर घर लौट रहा था। पीएचई कर्मचारी पनागर के दफ्तर में पदस्थ था। यह घटना बीती शाम 7.30 बजे की बताई जा रही है। जहां यह हादसा हुआ उसके चंद कदम पर थाना है। दुर्घटना का शिकार कर्मचारी तड़पकर सड़क पर पड़ा रहा। जिसे देखते ही आसपास के लोगों की भीड़ एकट्ठी हो गयी। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घायल कर्मचारी को शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद जहां क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है तो वहीं पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी अनुसार विक्की वंशकार उम्र 24 वर्ष ने बताया कि उसके पिता राधेलाल वंशकार उम्र 45 वर्ष पिता साथीराम वंशकार निवासी पनागर निवासी है और नगर पालिका में पीएचई जल विभाग में कार्यरत थे। कल शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपनी ड्यूटी कर, घर लौट रहे थे, तभी पनागर थाने के पास एक अज्ञात बाइक सवार ने, पैदल जा रहे पापा को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद राहगीरों ने किसी तरह उन्हें सड़क से उठाकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने चैक कर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**8 बच्चों का है भरा-पूरा परिवार**

पीड़ित विक्की ने बताया कि वह 4 भाई और 4 बहन है। किसी तरह मजदूरी कर गुजर-बसर हो रही थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में मातम है।

# जेल कम्पाउन्डर रिश्वत लेते बंधा


विचाराधीन बंदी को समय पर दवा देने के एवज में 7 हजार का किया था सौदा

**जबलपुर, यशभारत।** जेल में बंद कैदियों के इलाज के नाम पर परिजनों से सौदा होने का खेल धड़ल्ले से जारी है। ऐसे ही एक मामले में जबलपुर लोकायुक्त ने जेल के कम्पाउंडर को 7 हजार रुपए रिश्वत लेते आज दबोच लिया। आरोपी एक विचाराधीन बंदी की पथरी और समय पर दवा देने के एवज में परिजनों से रिश्वत की मांग कर रहा था। जानकारी के मुताबिक जंतिपुर मंडला निवासी रवींद्र पटेल पिता कंछेदी पटेल ने 17 अगस्त को मामले की शिकायत की थी। बताया था कि उसके जीजा संजय सिंगौर मंडला जेल में विचाराधीन बंदी हैं। मंडला कोतवाली ने धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था। वे पथरी से पीड़ित है। जेल अस्पताल में ही उनका इलाज चल रहा है। बताया गया कि मंडला जेल का कम्पाउंडर मनोज डोंगरे पथरी का इलाज कराने और समय पर दवा देने के एवज में 7 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है।

### बातचीत को कराया ट्रैप

लोकायुक्त ने पीड़ित की शिकायत के बाद आरोपी से उसकी बातचीत को ट्रैप कराया। आरोपी ने 19 अगस्त को रिश्वत की रकम लेकर पीड़ित को बुलाया था। जिसके बाद लोकायुक्त ने मामले में आरोपी को रंगेहाथ दबोचने के लिए निरीक्षक घनश्याम सिंह मर्सकोले, कमल सिंह उईके, भूपेंद्र दीवान, रंजीत सिंह और आरक्षक अमित मंडल, अमित गावड़े, शरद व जीत सिंह की टीम को भेजा गया था। आरोपी मनोज डोंगरे पीड़ित रवींद्र पटेल को रिश्वत की सात हजार रकम के साथ ग्रेड क्रास के पास मंडला में पैसे लेकर बुलाया। जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की सात हजार रुपए लेकर जेब में रखे। वहां मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी ने पैसे फेंक कर भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। मौके पर ही उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की।

## बरेला रांझी में चोरों का कारनामा
# बरेला में खिड़की उखाड़कर जेवर और नगदी उड़ाए

**जबलपुर, यशभारत।** चोरों के हौंसले के आगे, पुलिसिया कार्रवाई का खौफ भी अब ठण्डा होता जा रहा है। जिसके चलते थाना बरेला और रांझी क्षेत्र में चोरों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देते हुए ज्वेलरी और नगदी पर हाथ साफ कर, रफूचक्कर हो गए। पुलिस अब सीसीटीव्ही खंगाल रही है। जानकारी अनुसार थाना बरेला अंतर्गत सिद्धार्थ श्रीवास्तव उम्र 32 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास गौर ने पुलिस को बताया कि वह ट्रेवल संचालक है वह अपने परिवार सहित विजयनगर में रहता है। गौरैयाघाट खेरमाई मंदिर के पास उसका पेत्रिक मकान है, जिसमें माता पिता रहते हैं। उसकी मां श्रीमती चंद्रकांता श्रीवास्तव को गाड़ी से गिरने के बाद इलाज के लिए मार्बल सिटी अस्पताल में भर्ती करवाया था । पिताजी घर पर ताला लगाकर अस्पताल चले गये थे। जब उसके पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव गौरैयाघाट वाले घर पहुंचे तो घर में ताला लगा था, ताला खोलकर घर के अंदर गये तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा था एवं दोनों लोहे की आलमारी का ताला टूटा पड़ा था। आलमारी में रखे 10 हजार रूपये नगद, सोने के 3 जोड़ कान के टॉप्स , चांदी की 3 जोड़ी पायल , कीपेड मोबाइल गायब थे। खिड़की तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। इसी प्रकार थाना रांझी में श्रीमती प्रभा सोनी उम्र 41 वर्ष निवासी गांधी चौक आंगनवाड़ी के पास ने पुलिस को बताया कि वह पूजा करने के लिये बाजू में फू ल तोडऩे गयी थी, तभी कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसा और उसके मोबाइल और सोने के कान की झुंमकी कीमती लगभग 26 हजार रूपये चोरी कर दिवाल कूंदकर भाग गया।

DS44 रिटेल एवं होलसेल
फिक्स रेट शॉप
जीन्स 375/- लोवर 199/-
शर्ट 249/- टी-शर्ट 199/-
सम्पर्क 9109244144
पता- जबलपुर तुलाराम चौक स्टेट बैंक के आगे आनंद रेडियो के बाजू से

## ब्रेन हेमरेज से सीटीआई देवदास का निधन



**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल में पदस्थ 59 वर्षीय सीटीआई देवदास बनर्जी का अचानक ब्रेन हेमरेज होने के कारण निधन हो गया। स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण पहले उन्हें उपचार के लिए रेलवे अस्पताल लाया गया जहां पर सही उपचार ना होने के कारण अन्य अस्पताल में रेफर करने के लिए उनके साथियों द्वारा हंगामा खड़ा कर दिया गया । जहां पर साथियों द्वारा काफी दबाव बनाने के बाद उन्हें गंभीर हालत में आदित्य अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उन्होंने दम तोड़ दिया। यह दुखद खबर जैसे ही उनके साथियों को लगी तो सीटीआई मैं शोक की लहर दौड़ गई और कुछ ही देर में अस्पताल में काफी भीड़ जमा हो गई । आज सुबह उनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया स्वर्गीय देवदास काफी मिलनसार और मृदुभाषी थे उनकी स्टॉप में एक अलग छवि बनी हुई थी अंतिम संस्कार में उनके साथियों एवं अन्य लोगों द्वारा अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना मुरमुरा
बोल्ड चना केला चिप्स
बोल्ड पीनट मसाला चना
ड्राय मेल चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवसिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )